[Shri Asoka Mehta]

going to exist, is of paramount importance.

All the arguments that the Food Minister has put forward that we hope to develop these co-operatives in the next three or four years and this State trading in foodgrains will therefore be taken over by these co-operatives within a measurable distance of time and that corporations need not be set up because they will have their own vested interests later on and might duplicate unnecessarily the work that has to be done, all these arguments are valid to the extent these co-operatives are going to come up, and the co-operatives will come up to the extent the controversy on the legal framework for the co-operatives is set at rest. I hope that, that will be done and that as far as State trading in foodgrains is concerned, the Food Minister will be willing to review the matter afresh and see how far this tentative scheme can be so strengthened that people may find that there are real teeth in it as far as the purposes for which this particular scheme is being put forward.

13·10 hrs.

BUSINESS OF THE HOUSE

The Minister of Parliamentary Affairs (Shri Satya Narayan Sinha): With your permission, Sir, I rise to announce a slight change in the order of business for the current week. It is now proposed that the Demands for Grants in respect of the Ministry of Defence be taken up for consideration immediately after the voting of demands relating to the Ministry of Food and Agriculture. Consequently, discussion on the demands under the control of the Ministry of Rehabilitation would take place after the discussion and voting on the Demands for Grants in respect of the Ministry of Defence.

Shri Nagi Reddy (Anantapur): Why this change?

Mr. Speaker: The Minister of Defence has to be elsewhere.

Shri Satya Narayan Sinha: On the 10th there is an Investiture ceremony in Madras for military honours The Minister of Defence has to go there. This change has arisen because the House took more time than that indicated in the schedule.

Shri Naushir Bharucha (East Khandesh): Which is more important—Parliament work or some other work?

Mr. Speaker: Both are important.

Shri Satya Narayan Sinha: There is no difficulty in this.

Shri Braj Raj Singh (Firozabad): The notice is very short.

Shri Satya Narayan Sinha: The Rehabilitation Ministry have not much to say about it.

13·12 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS—*contd.*

MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE—*contd.*

डा० राम सुभग सिंह (सहसराम) : अध्यक्ष महोदय, यह मेरे लिये एक समाचार था कि हमारे ऐसे भी अच्छे अच्छे दोस्तों ने, जैसे कि श्री अशोक मेहता जी हैं, एक ओर तो सरकार को यह राय दी कि स्टेट ट्रेडिंग जारी की जाय, और उन्होंने बताया कि यह राय सितम्बर, १९५८ में दी गई थी, और दूसरी ओर मार्च, १९५९ में वे उस जत्थे में शरीक हुये जो कि इस चीज का विरोध करने के लिये किया गया था ।

Shri Asoka Mehta: May I correct my hon. friend? I did not sympathise with them. If the foodgrains merchants have any complaints against some suggestions I have made, I think democratic etiquette demands that one should go and listen to what they

have to say I do not understand how it is inconsistent.

I think it is very consistent.

Dr. Ram Subhag Singh: It may not be inconsistent that way, but it is inconsistent in the sense that the Government are also guided by the opinion of persons who go and advise Government to resort to certain action and also go to advise persons to resort to action to oppose those actions. Anyway, I accept his correction (*Interruption by Shri Hem Barua*) I know Shri Hem Barua He has gone only to listen to their advice. If somebody goes to Tibet to listen to the Chinese people, that will also be better .....

Shri Hem Barua (Gauhati)· You go and see the killing of the people there.

Dr Ram Subhag Singh: If you want to go there, you can go and see how the palace of the Dalai Lama is being shelled. I do not know whether it is being shelled or not. But if you want to advise them in one way and advise the Dalai Lama in another way, I think it won't be very consistent!

Shri Hem Barua: On a point of order. This is very cruel He did not mean it. He went there just to know the reaction of the people. Democratically, he has a right to do so. To interpret it like this is very unkind to him.

Mr. Speaker: The hon. Member (Dr. Ram Subhag Singh) will address the Chair.

Dr Ram Subhag Singh: In that way Shri M. R. Masani also sometimes advises Government. There I want to correct the Government also. The Government ought to be careful about persons who sometimes go to advise them on some action and on another occasion they go and advise others who are extremely critical of the actions of the Government.

अब मैं इस बात पर आ रहा हूं कि अभी तक जो बातें कही गईं उनमें ज्यादातर खाद्य समस्या के बारे में कही गईं। कैसे खाद्य का उत्पादन बढ़ाया जायेगा, इसके बारे में भी तजवीज दी गई लेकिन इतनी ज्यादा नहीं जितनी कि दी जानी चाहिये। आज हम लोगों की समस्या, और सरकार भी कहती है कि उन लोगों की समस्या, इसलिये विकट होती जाती है कि हमारी आबादी बढ़ती जाती है। इस बात को मैं भी मानता हूं कि आबादी बढ़ रही है और प्रति दस वर्ष करोड़ों की आबादी बढ़ रही है। सन् १९४१ से १९५१ तक इसमें १३ २ प्रतिशत की वृद्धि हुई। लेकिन यदि हम दूसरे देशों में जो आबादी की वृद्धि हुई है उसको देखें तो इससे हमें हिचकने की जरूरत नहीं है। सन् १८७१ से १९२१ तक, भारत में आबादी की वृद्धि हुई ५२ प्रतिशत, इसी समय के दौरान ब्रिटिश आइल्स में हुई ५७ प्रतिशत, जापान में हुई १२० प्रतिशत और अमरीका में हुई २३० प्रतिशत। यहां यह कहा जा सकता है, चाहे आप भूमि के उत्पादन करने की क्षमता के लें या हमारी अथवा सरकार की उत्पादन करने की क्षमता, कि हमारी उत्पादन को बढ़ाने की शक्ति सीमित है इसलिये उत्पादन जोरों से नहीं बढ़ाया जा सकता। लेकिन यह भी मैं बहुत ज्यादा मानने को तैयार नहीं हूं। यदि हम आबादी के लिहाज से देखें तो जितनी हमारी बढ़ती हुई आबादी बढ़ती है उसको खिलाने के लिये हमको ७० मिलियन टन अनाज की जरूरत थी सन् १९५१ में और करीब ८५ मिलियन टन की जरूरत होगी सन् १९६०-६१ में।

२९ तारीख के स्टेट्समैन में निकला था कि एक्स्टेंशन कमिश्नर की रिपोर्ट जो है कि इस वर्ष हमारा उत्पादन ७० मिलियन टन होगा। यानी इस वर्ष जो उत्पादन होगा वह जो हमारा लक्ष्य निर्धारित किया गया था द्वितीय पंचवर्षीय योजना में, उससे

[डा० राम सुभग सिंह]

करीब ४ मिलियन टन कम होगा । हमारे लिये करीब ७३ या ७४ मिलियन टन अनाज होना चाहिये था जो कि करीब ४ मिलियन टन कम हुआ । और आगे यदि हम देखें तो हमको सन् १९६१ में ८५ मिलियन टन अनाज चाहिये और सन् १९७१–७२ में ९६ मिलियन टन अनाज चाहिये । अगर हम सन् १९७१ को छोड़ भी दें तो क्या हम इस लायक हैं कि हम एक या दो वर्षों में अपना उत्पादन बढ़ा कर ८५ मिलियन टन अनाज पैदा कर सकें । जब हम इस चीज की ओर ध्यान देते हैं तो सोचते हैं कि क्या हमारी शक्ति ऐसी है ? हमारे मित्र ने अभी कहा था कि कोई आदमी इस सदन में है जो कांशिएन्शसली, ओपन हार्ट से कह सके We are having a clear vision about this. मैं तो समझता हूं कि

The people of India are quite competent and they are having a very clear vision, if they are only freed from the theoreticians of this country. By 'theoreticians' I do not mean anybody. I mean everybody.

Shri Hem Barua: It is a general statement.

Dr. Ram Subhag Singh: They may be on any side including that of Shri Barua.

Shri Hem Barua: I know that.

Shri Braj Raj Singh: (Firozabad): What about the Food Minister and his Deputies?

Dr. Ram Subhag Singh: Yes.

अब सवाल यह उठता है कि इस चीज को कैसे किया जा सकता है । जो रिपोर्ट २१ तारीख को निकली थी, उसमें दिया हुआ है :

"Reports of harvests from most of the nine States where the drive for higher production of Rabi foodgrains was launched in September indicate at least 20 per cent increase in production now coming to a close."

इसे पढ़ कर मुझे बड़ी खुशी हुई कि रबी कैम्पेन के कारण यह वृद्धि हुई । अगर उसकी वजह से यह वृद्धि हुई तो मैं उसकी पूजा करूंगा और चाहूंगा कि इस कैम्पेन को ज्यादा से ज्यादा तरक्की दी जाय सरकार की ओर से और जनता की ओर से । लेकिन अगर इस कैम्पेन के कारण वृद्धि नहीं हुई तो क्या होगा ? क्योंकि जब सन् १९५३–५४ में अच्छे मानसून के कारण उत्पादन में वृद्धि हुई तब भी सरकार या प्लैनिंग कमीशन यह दावा करने लगे थे कि यह वृद्धि हम लोगों के इरिगेशन को बढ़ाने से और अच्छे अच्छे उत्पादन के तरीकों को बढ़ाने से, अच्छे सीड्स के देने से हुई है । चाहे भगवान की कृपा से ही यह वृद्धि हुई हो लेकिन ऐसा दावा करने वाले बहुत से लोग खड़े हो जाते हैं । ऐसी हालत में, अध्यक्ष महोदय, मैं चाहूंगा कि आप ऐसे स्टेटमेंट्स की छानबीन करा लिया करें क्योंकि जो बड़े बड़े उच्चाधिकारियों की ओर से स्टेटमेंट दिये जाते हैं उनमें हम लोग भी शामिल हो जाते हैं । और जो बात कही गई यदि वह सत्य है, यदि केवल इस कैम्पेन से ही २० प्रतिशत की वृद्धि हुई है तो और किसी कैम्पेन की जरूरत नहीं है । इसके अलावा दूसरी कैम्पेन भी हम चला सकते हैं । बहरहाल इसे मैं यहीं पर छोड़ता हूं । मैं चाहता हूं ज्यादा से ज्यादा तरक्की हमारे उत्पादन में हो अगर उसमें सचमुच हमारी कैम्पेन सहायता पहुंचा सकती है ।

मेरी समझ से उत्पादन बढ़ाने के लिये स्टेट ट्रेडिंग में आज कोआपरेटिव इन्स्टिट्यूशनल चेन्जेज लाने की ज्यादा से ज्यादा आवश्यकता है । लेकिन अगर कोई समझे कि वह किसी अफसर को नियुक्त कर दे और उससे प्रदेश या जिले या गांव में उत्पादन बढ़ जायेगा, तो वह असम्भव सी चीज है ।

यह ऐसी चीज है जिसे कोई किसान मान नहीं सकता। ऐसी हालत में यह चाहिये कि जो भी इन्स्टिट्यूशनल चेन्जेज हम करायें वह किसानो के मन के अनुकूल करायें। अगर उनके मन के अनुकूल होने की हम चिन्ता न करें और श्री तुलसीदास किलाचन्द ऐसे पूंजीपतियो के सुझावों को ही मानें, जैसे कि उन्होने कहा है कि खेतों को मेंड़ तोड़ दी जाये तो आसानी से ट्रैक्टर चलाये जा सकते हैं, तो उसमे काम नहीं चलेगा। मैं यह नहीं कहता कि यह सुझाव अच्छे हैं या बुरे हैं, लेकिन इस चीज की आप देखिये कि चाहे वे कैपिटलिस्टों के सुझाव हों या बड़े से बड़े रेडिकल के, लेकिन वह किसानों की इच्छा के अनुकूल होने चाहियें। मैंने एक बार पहले भी कहा था कि किसी के भी सुझाव हो, जो चीजें मदद के रूप में सरकार की ओर से या जनता की ओर से की जा सकती हैं, वे की जानी हैं। कुछ बड़े किसान भी सरकार से यह सहायता आसानी से ले सकते हैं। लेकिन छोटे छोटे किसान जो हिन्दुस्तान के एक कोने से दूसरे कोने तक कोआपरेटिव फारमिंग करते हैं उनको यह सहायता नही मिल पाती। हम देखते है कि एक किसान जिसके पास एक बैल है वह दूसरे किसान के साथ मिल कर हल चलाता है या दो तीन चार किसान मिल कर हल चलाते हैं। ये लोग कोआपरेटिव ढंग से काम करते हैं, लेकिन कोई कोआप-रेटिव डिपार्टमेंट उनकी मदद करने नही आता। मदद तो दूर रही उनकी समस्याओ का अध्ययन भी नही किया जाता। अध्ययन किया जाता है बड़े बड़े लोगो की फार्म्स का, चाहे वह कोआपरेटिव हो या न हो। और उनके फेल्योर से किसान का फेल्योर नापा जाता है कि कोआपरेटिव फार्मिंग सफल नहीं हो सकता। तो मैं इन चीजों को गलत समझता हू। अगर सचमुच कोई चाहता है कि इन्स्टिटयूशनल चेन्जेज हो, और सबको यह चाहना चाहिये, तो आप सब-डिवटेंड होल्डिंग्स को बदलें और चाहे बड़े बड़े फार्म बनायें, लेकिन यह काम केवल हवाई कल्पना से नही हो सकता। कहीं भी धान का खेत मेंड़ तोड़ने से नहीं होगा। धान के खेत में मेंड़ की जरूरत हमेशा रहेगी क्योंकि पानी को घेरने की जरूरत होती है। हा गेहू की खेती उस तरह से हो सकती है। लेकिन उसमें भी जब आप ४० हार्स पावर का ट्रैक्टर चलायेंगे तो ४० जोड़ी बैल बेकार हो जायेंगे, ४० हल चलाने वाले बेकार हो जायेंगे पानी पिलाने वाले बेकार हो जायेंगे यह भी आपको सोचना चाहिये।

आज करीब ३०० मिलियन एकड़ जमीन हमारे जोत में है जिसमें से मुश्किल से २० परसेंट सिंचाई वाली जमीन है। इस २० प्रतिशत सिंचाई वाली भूमि मे भी यह सम्भव नही है कि एक हजार एकड़ का लेविल होल्डिंग बनाया जा सके जिसमें दो को तीन तीन इंच पानी बराबर रह सके। बहुत डेवेलप्ड देशो में शायद यह लेविल सम्भव हो सके लेकिन यहा तो असम्भव है। इस मामले में हम तुलसीदास किलाचन्द के दिमाग से काम नहीं कर सकते और न उन लोगो की राय से काम कर सकते हैं जो दूसरे देशो की बात कहते है। मान लीजिये कि नैनीताल में कोई खेती करना चाहे तो वहा बड़े खेत कैसे सम्भव हो सकते है। जहा मैदान में सिंचाई वाली भूमि है वहा मुमकिन है कि यह कुछ सम्भव हो सके। लेकिन धान के लिये यह तरीका ठीक नहीं हो सकता। गेहू के लिये किसी हद तक ठीक हो सकता है। लेकिन उसके लिये भी बहुत बड़े खेत बनाने में कठिनाई होगी।

मेरे विचार में जरूरत इस बात की है कि हमें छोटी छोटी मशीनो को ईजाद करनी चाहियें क्योंकि जब तक हमारे इम्प्लीमेंट नही सुधरेंगे तब तक हमारा उत्पादन नही बढ़ सकता। हमें कंसालिडेशन भी करना होगा हालांकि इसमें भी हम चकबंदी की बहुत चर्चा सुनते है। अभी तक २,३०

[डा० राम सुभग सिंह]

मिलियन जमीन में से जिस पर कि हमारे यहां खेती होती है, केवल १६ मिलियन जमीन का कंसालिडेशन किया गया है। हमको अपने यहां ४० और ६० हार्स पावर के ट्रैक्टर नहीं चाहिये हमको तो छोटे छोटे ट्रैक्टर बनाने चाहिये जैसे कि जापान में बनाये गये हैं। उनका खर्च थोड़ा होता है, एक आदमी उनको चला सकता है। फिर आप देखें कि हमारे यहां कितने ऐसे गांव हैं जिनमें कि एवरेज में एक हजार एकड़ खेती की जमीन हो। जब हमारे यहां इतने बड़े गांव ही नहीं है तो फिर एक हजार एकड़ के फार्म कैसे हो सकते हैं। अमरीका और कनाडा में यह सम्भव हो सकता है। कनाडा मे एवरेज होल्डिंग २३४ एकड़ का है। पर यहां पर तो ५ एकड़ से कम के करीब ५६·१ परसेंट होल्डिंग है। तो इसमें यह सारी बातें सोचनी समझनी होंगी।

फिर खाद का सवाल है। हमारे यहां धरती में से जो शक्ति हर साल निकल जाती है उसको पूरा करने के लिये हमें चार मिलियन टन खाद चाहिये। पर इस बारे में तो किसी ने भी नहीं कहा है कि हम इतना रासायनिक खाद पैदा कर सकते हैं। तो फिर खाद कैसे दिया जा सकता है। हमारे यहां जो गोबर के रूप में खाद होता है उसका ४० प्रतिशत हम जला देते हैं। अगर इसके लिये कोयला सबस्टीट्यूट के तौर पर दिया जा सके तो वह खाद काम आ सकता है। फिर सिंचाई का सवाल है। मैं कहता हूं कि खेत की उपज बढ़ाना उस समय तक मुश्किल है जब तक कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट सिंचाई आदि तमाम जरूरी चीजों को अपने सामने न रखे। जब खेती के लिये मुख्य जरूरी सारी चीजें किसान को दी जायेंगी तभी उसका उत्पादन बढ़ सकता है।

फिर हमारी कैटिल वैल्थ की भी बात है। हमको उनकी भी ठीक देख रेख करनी चाहिये।

हमारे यहां जमीन पर बहुत बड़ी संख्या में लोग निर्भर कर रहे हैं। हमारे यहां एक भी एकड़ पर डेढ़ सौ आदमी निर्भर करते हैं जब कि दूसरे देशों में दस, पांच या छः आदमी इतनी जमीन पर निर्भर करते हैं।

13.38 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

जब हमको इतने आदमियों को खेती पर सपोर्ट करना है फिर भी हमारे यहां यह हालत है कि कही कोई कारखाना बनता है या कोई योजना बनती है, जैसे कि सिंदरी का कारखाना या भाखरा नंगल का बांध, तो उन गांवों से जो किसान हटाये जाते हैं उनको काम नही मिलता। मैं स्टेट एंटरप्राइज के मामले में किसी का नाम नही लेना चाहता लेकिन मैं देखता हूं कि स्टेट एंटरप्राइज में व्यापारियो की शक्ति बहुत बढ़ा दी गई है। आज हम देखते हैं कि अगर कोई व्यापारी बाजार में गड़बड़ करता है तो उसको शान्त कर सकते हैं। लेकिन अगर उसी को सारी स्टेट की ताकत मिल जायेगी तो उसको नियंत्रित करना असम्भव हो जायेगा। तो इस अवसर पर इसलिये मैं इस बात का बहुत मजबूती से समर्थन करता हूं कि गांव गांव में कोआपरेटिव का निर्माण हो जिसका प्रोडक्शन और मारकेटिंग दोनों से सीधा सम्बन्ध हो। लेकिन यह काम केवल अफसर बहाल कर देने से नही हो सकता। उस अवस्था में तो वैसा ही काम होगा जैसे कि मास्को को जो जूरी भेजे गये थे सारे के सारे ठीक नही थे और उस मामले की जांच भी नहीं हो पायी। तो व्यावहारिक रूप से हम उन चीजों की ओर कदम बढ़ाना चाहते और सब से ज्यादा जरूरत है जमीन की उर्वरा शक्ति

को बढ़ाने की और इसके लिये मुख्य रूप से सिंचाई की जरूरत है । अगर हम चार मिलियन केमिकल फर्टिलाइजर नहीं दे सकते, ग्रीन मेन्योर काफी मात्रा में नहीं दे सकते तो हमको गोबर को बचाने के लिये जलाने का कोयला देना चाहिये ताकि गोबर को खाद के रूप में काम में लाया जा सके । पर यह काम आसानी से नहीं हो सकता । इस दिशा में ठोस काम करना होगा । हमारे किसान में पैदावार बढ़ाने की बहुत शक्ति है अगर उसकी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा किया जाये और उसकी कठिनाइयों को दूर किया जाये । कहा जाता है कि हमारे यहां सन् १९५०-५१ में १७ प्रतिशत खेती की जमीन में इरिगेशन होता था । उसको पहली योजना में बढ़ा कर १९·७ मिलियन कर दिया जायेगा और दूसरी पंच वर्षीय योजना में उसको ३० मिलियन कर दिया जायेगा । लेकिन आपने जहां नहरें या ट्यूब वैल लगाये हैं उनका उपयोग करने में आज किसान हिचकिचाता है हमारे पास इन लोगों की हजारों दरख्वास्तें आती हैं कि नहर के एरिया में नाजायज कार्रवाई हो रही है, ट्यूबवैल एरिया में समय पर पानी नहीं मिलता । कल मैं इरिगेशन मिनिस्टर से कह रहा था कि नहर के एरिया में ऐसा होता है कि एक किसान को १२ रुपया देना है पर उसके पास परचा आता है ५७ रुपये का । अब आप उसके हिसाब की उलझनता को समझ सकते हैं । जब तक उसका परचा ठीक नहीं हो जायेगा वह परेशान रहेगा और अपना काम ठीक से नहीं कर सकेगा तो आप देखें कि इन बातों से कितनी कठिनाई एक छोटे किसान को हो सकती है ।

आज हमारी सरकार कहती है और प्लानिंग कमीशन भी कहती है कि हमने इतने ट्यूबवैल लगा दिये हैं, इतने बांध बना दिये हैं । लेकिन हालत यह है कि ट्यूबवैल चलाने के लिये बिजली नहीं मिल रही है और बांधों के पानी के लिये नहरें नहीं बन रही हैं ताकि उस पानी का सदुपयोग हो सके । और उत्पादन बढ़ सके । आज आप देखें कि रेहन्द बांध एक डेढ़ साल में बन कर तैयार होने वाला है और उसका पानी सोन में गिरेगा पर सोन पर अभी तक बांध नहीं बन रहा है जिसकी चर्चा प्रथम पंचवर्षीय योजना में ही थी । इस कारण बाद में अनेकों बखेड़े उठ खड़े हो सकते हैं । उस की नहरें बन कर तैयार हैं । उन से आठ लाख एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकती है । मैं यह कहना चाहता हूं कि एक ओर रिहंद डैम बना दिया, लेकिन दूसरी ओर सोन बांध नहीं बनाया, तो को-आर्डिनेटिड ढंग से काम नहीं होगा । हम देखते हैं कि लोगों के खाने की मात्रा कम होती जा रही है, क्योंकि अन्न उपलब्ध नहीं है । प्रति व्यक्ति एक औंस अधिक अन्न देने के लिये दो मिलियन टन अन्न की जरूरत है । एक हजार स्क्वायर माइल्ज में, रिहंद डैम के पानी का उपयोग सोन बान्ध को बना कर कर सकते हैं, इससे दो मिलियन टन उत्पादन बढ़ सकेगा । लेकिन कठिनाई यह है कि वैसे को-आर्डिनेटिड थिंकिंग का अभाव है । आज को-आर्डिनेटिड थिंकिंग की आवश्यकता है । वहां पर के रोड्ज पर पुल होने से कोयला इधर पहुंचाया जा सकता है, जो कि आज तक संभव नहीं हो रहा था ।

सेठ गोविन्द दास (जबलपुर) : उपाध्यक्ष जी, इस समय देश में जो स्थिति है, उस की दृष्टि से हमें मानना होगा कि अधिक अन्न-उत्पादन हमारे देश की सब से बड़ी समस्या है और जब तक इस समस्या का हम किसी न किसी प्रकार हल नहीं करते, तब तक हम चाहे कितनी ही पंच-वर्षीय योजनायें बनाते जायें, उन में हमें सफलता प्राप्त नहीं हो सकती । जिस समय प्रथम पंच-वर्षीय योजना समाप्त हो कर द्वितीय पंच-वर्षीय योजना हमारे सामने आई, उसी समय मैंने एक बात कही थी कि द्वितीय पंच-वर्षीय

[सेठ गोविन्द दास]

योजना में अधिक अन्न-उत्पादन की तरफ और खेती की उन्नति की तरफ सब से पहले ध्यान न दे कर जो उद्योग-धंधों की प्रगति की तरफ़ ध्यान दिया गया है, यह ग़लत बात की गई है। मैंने यहां लोक सभा में भी कहा था और बाहर भी निवेदन किया था। मैं आशा करता हूं कि अब जैसे-जैसे तृतीय पंच-वर्षीय योजना बनने का समय आता जा रहा है, इस बात पर सब से अधिक ध्यान दिया जायेगा, हम फिर उस ग़लत रास्ते नहीं जायेंगे, जिस रास्ते हम द्वितीय पंच-वर्षीय योजना के समय गये थे और तृतीय पंच-वर्षीय योजना में हम सब से अधिक ध्यान खेती और अधिक अन्न-उत्पादन की ओर देंगे।

जहां तक खेती और अन्न-उत्पादन का प्रश्न है, वहां तक अनेक बातें हैं, जिन की तरफ हम को ध्यान देना आवश्यक है। मैं अपने मित्र डा० राम सुभग सिंह से बिल्कुल सहमत हूं कि मोटे तौर से देखा जाये, तो अधिक अन्न-उत्पादन के प्रश्न पर हमें सब से ज्यादा सिंचाई की ओर ध्यान देना है। सिंचाई की हम ने बड़ी-बड़ी योजनायें बनाई, करोड़ों रुपया उन पर खर्च किया, परन्तु सब से अधिक ध्यान देना होगा हम को छोटी सिंचाई की योजनाओं पर और अभी से इस तरफ हम को ध्यान दे कर अपनी तृतीय पंच-वर्षीय योजना में सब से ज्यादा महत्व छोटी सिंचाई की योजनाओं को देना है।

दूसरा प्रश्न खाद का है। मैं वैज्ञानिक खाद के विरुद्ध नहीं हूं। कई लोगों का इस सम्बन्ध में मत-भेद है, परन्तु हमारे यहां भी थोड़ी बहुत खेती होती रही है— अभी भी होती है — और मैं उस मत से सहमत नहीं हूं, जो यह कहता है कि वैज्ञानिक खाद के सम्बे दौरान में उत्पादन घट जाता है। परन्तु उसी के साथ केवल वैज्ञानिक खाद से हमारा काम नहीं होने वाला है। हम को कम्पोस्ट खाद भी चाहिये और उस में गोबर का सब से अधिक महत्व है। अभी डा० राम सुभग सिंह ने कहा कि गोबर का चालीस प्रतिशत जलाने के काम आता है। ठीक बात है। लेकिन हमारे यहां पर गोबर के कुछ गैस के प्लांट निकले हैं। एक जोड़ी बैल के गोबर के लिये जो प्लान्ट लगाया जाता है, उस पर सिर्फ ६० रुपये लगते हैं।

श्री अ० प्र० जैन : ३५० रुपये।

सेठ गोविन्द दास : हमारे यहां ६० रुपये में बना है और मैं कृषि मंत्री जी के बंगले पर उस प्लान्ट को लगा कर सिद्ध कर सकता हूं कि ६० रुपये में बन जाता है।

श्री० रणवीर सिंह (रोहतक) : हमारे बंगले पर भी लगवा दीजिये।

उपाध्यक्ष महोदय : इस बात की जानकारी कैसे हो कि मिनिस्टर साहब का बनाया हुआ प्लान्ट कैसा है और मेम्बर साहब का कैसा है ?

श्री अ० प्र० जैन : मैं तो कबूल करता हूं।

सेठ गोविन्द दास : इस प्रकार के प्लान्ट लगाने चाहिये, जिस से गोबर जलाने के काम भी आ सकता है और उससे खाद भी बन सकती है। उससे जो गैस निकलती है, उस से ईंधन का काम निकल सकता है और गोबर वैसे का वैसा बचा रहता है।

अधिक अन्न-उत्पादन के लिये छोटी सिंचाई, खाद और अच्छे बीजों की आवश्यकता है और जिस की सब से अधिक आवश्यकता है, मुझे इस बात का खेद है कि अभी तक भी सरकार का ध्यान उस ओर नहीं जा रहा है। वह प्रश्न है गाय का। मैं हमेशा इस बात को कहता रहा हूं और अब तक यह

प्रश्न हल नहीं हो जायगा और जब तक मैं जिन्दा रहूंगा, तब तक हमेशा इस बात को कहता रहूंगा। गाय के प्रश्न को अभी भी गौण दृष्टि से देखा जा रहा है। गाय का सवाल हमारा सांस्कृतिक और धार्मिक सवाल तो है ही, इस में कोई सन्देह नहीं, परन्तु उसी के साथ आर्थिक दृष्टि से भी सब से महत्वपूर्ण यह सवाल हो गया है। स्वराज्य प्राप्त हुये हम को बारह वर्ष हो गये। बारह वर्ष का एक युग बीत गया और हम देखते हैं कि यह प्रश्न अब तक सुलझा नहीं है। इतना ही नहीं, वह अधिक से अधिक उलझता जाता है और जटिल होता जाता है।

पहले गोवध के सवाल को लीजिये। यह सर्वविदित है कि मैं सम्पूर्ण गोवध-बन्दी का पक्षपाती हूं, परन्तु यदि इस प्रश्न को एक ओर रख दिया जाये, तो भी प्रश्न यह है कि क्या उपयोगी पशुओं की भी रक्षा बिना गोवध-बन्दी के हो सकती है। मैं अनेक बार इस बात को सिद्ध कर चुका हूं कि उपयोगी पशुओं की रक्षा भी गोवध के कतई बन्द होने पर ही सम्भव है। कहा जाता है कि स्वराज्य के बाद जहां तक गोवध का सवाल है, वह कुछ कम होता जा रहा है। यह बात भी गलत है। पहली बात चमड़े के निर्यात के सम्बन्ध में लीजिये—१९४६-४७ में कुल ७,४५,००० चमड़ों का निर्यात हुआ था, जिसमें ६,२५,००० गायों का चमड़ा था और १,२०,००० बछड़ों का चमड़ा था। १९५१-५२ में यह संख्या ६४,००,००० तक पहुंच गई जिस में से १८,५३,००० बछड़ों का चमड़ा था और ४५,००,००० गायों का चमड़ा था। १९५५-५६ में यह संख्या करीब ८०,००,००० तक पहुंच गई, जिस में से २६,००,००० बछड़ों का चमड़ा था और ५३,९२,००० गायों का चमड़ा था। स्वराज्य-प्राप्ति के समय चमड़े का निर्यात ७,४५,००० था और नौ दस वर्ष के बाद १९५५-५६ में यह ८०,००,००० तक पहुंच गया और उसमें बछड़ों का चमड़ा २६,००,००० है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या बछड़े अनुपयोगी कहे जा सकते हैं। इस के सिवा जिन गायों का चमड़ा जाता है, वे गायें अच्छी से अच्छी होती हैं। गोमांस का निर्यात यहां पर बन्द हो गया था। अभी गये २८ मार्च को ही एक प्रश्न का उत्तर देते हुये कृषि मंत्री जी ने कहा —

"The export of beef was banned w th effect from 11th May, 1954 except as shipped stores. It was placed on O.G.L. from 8th July, 1952 in pursuance of the export drive initiated by the Government of India".

क्या यह हमारे लिये लज्जा की बात नहीं है कि स्वतन्त्र भारत से गोमांस आज भी बाहर जाता है और पाकिस्तान को जाता है? मैं तो समझता हूं कि पाकिस्तान को इस देश से गोमांस जाना हमारे लिये चुल्लू भर पानी में डूब मरने की चीज है।

श्री ब्रज राज सिंह : कौन-कौन डूबेगा इसमें ?

सेठ गोविन्द दास : आप बम्बई, कलकत्ता, मद्रास आदि में कसाई खानों को देखें। वहां पर उपयोगी पशुओं का वध किया जा रहा है।

आप निरुपयोगी पशुओं की बात को ही लीजिये, उनकी बात को लीजिये जिन को बेकाम पशु कहा जाता है। विशेषज्ञों की राय है कि हमारे यहां पर जितने पशु हैं उनमें से केवल दो परसेंट ही बेकाम हैं। फिर इन बेकाम पशुओं को भी अगर गोसदनों में रखा जाये तो इन पर व्यय होगा वर्ष भर में केवल ३० रुपये और उनसे गोबर आदि हमको मिलेगा ४५ रुपये मूल्य का तथा चमड़ा मिलेगा वह अलग से है।

पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय (प्रतापगढ़) : गोवध का इस विभाग से क्या सम्बन्ध है ?

सेठ गोविन्द दास : जब तक बैल न हों, गायें न हों और तब तक बैलों और

[सेठ गोविन्द दास]

गायों का खात न हो, तब तक आपके यहां पर फूड का मसला हल नहीं हो सकता, फूड पैदा नहीं हो सकता। मैं समझता हूं कि यह बहुत बड़ा भ्रम है कि अधिक अन्न उत्पादन से गोवध का कोई सम्बन्ध नहीं है। अधिक अन्न उत्पादन से जिस चीज का सब से अधिक सम्बन्ध है, वह गोवध से है। इस वास्ते गोवध को रोकना एक दम अनिवार्य है।

इसके साथ ही साथ नसल-सुधार की ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिये। आप कहते हैं कि नसल-सुधार हुआ है। मैं समझता हूं कि सुधार की बात तो दूर, बिगाड़ हुआ है। यह इसी से सिद्ध हो जाता है कि हमारे यहां दूध का उत्पादन घटा है। १९५० में करीब ५२ करोड़ मन दूध होता था। १९५५-५६ में वह ४७ करोड़ मन रह गया। १९५१ में एक गाय प्रतिवर्ष ४१३ पाउंड दूध देती थी, अब देती है ३६१ पाउंड। यह सब क्यों हुआ है? इसमें विशेषज्ञों की सब से बड़ी गलती है। हमारे ये विशेषज्ञ कोई अपनी विशेष राय नहीं रखते। एक समय इनकी एक राय होती है, दूसरे समय इनकी दूसरी राय हो जाती है। ऐसे विशेषज्ञों को जब इस प्रकार के प्रश्न सौंपे जाते हैं तब उनमें सुधार न हो कर बिगाड़ होता है। मैं एक बहुत बड़े विशेषज्ञ का नाम ले रहा हूं, श्रीमान् नंदा जी। श्री गुलजारी लाल नन्दा से मेरा मतलब नहीं है, यह एक दूसरे नंदा जी हैं जिन का नाम प्राण नाथ नंदा है। ये सरकार के एक बड़े विशेषज्ञ माने जाते हैं। १९४७-४८ में जब एक फैटल डिवेलेपमेंट कमेटी बनी, जिसका मैं भी एक सदस्य था और मेरे मित्र ठाकुर दास भार्गव जी भी उसमें थे और नंदा जी भी थे...

उपाध्यक्ष महोदय : आप भी बतौर विशेषज्ञ के उसमें थे?

सेठ गोविन्द दास : जी नहीं, मैं अपने आप को विशेषज्ञ नहीं मानता हूं। नंदा जी विशेषज्ञ के रूप में थे और मैं एक साधारण सदस्य के रूप में था।

पंडित ठाकुर दास भार्गव (हिसार) : मैं उस कमेटी में नहीं था।

सेठ गोविन्द दास : आप न होंगे।

१९४७-४८ में इन नंदा जी ने उसके एक विशेषज्ञ मैम्बर की हैसियत से इस बात पर हस्ताक्षर किये थे कि इस देश में गाय का प्रश्न हल होने के लिये हमें गोवध कतई बन्द करना चाहिये। १९५५-५६ में जब एक दूसरी कमेटी बनी श्री नंदा जी के ही सभापतित्व में, तो उन विशेषज्ञ महोदय की विशेष राय बदल गई और यद्यपि उस कमेटी के टर्म्स आफ रेफ्रेंस में गोवध का विषय नहीं था, लेकिन खींच तान कर इस विषय को लाया गया और १९४७-४८ की राय के ठीक खिलाफ उन्होंने यह राय दी कि इस देश में गोवध होना चाहिये। इस देश को.....

श्री झुनझुनवाला (भागलपुर) : आप मैम्बर थे, आपने उन से इस बारे में पूछा नहीं कि क्यों वह दूसरी राय दे रहे हैं?

सेठ गोविन्ददास : मैं इस कमेटी का मैम्बर नहीं था, पहली कमेटी का मैम्बर था। ऐसे विशेषज्ञों से भगवान हमारी सरकार और इस देश को बचाये और इस प्रकार के विशेषज्ञों की राय पर अगर हमारी सरकार और हमारा देश चलता है तो इससे अधिक और कौन सी खेद की बात हो सकती है, कोई नहीं हो सकती।

अन्त में संक्षेप में मैं आपके सामने कुछ सुझाव रखना चाहता हूं। सब से पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की इस विषय में स्पष्ट नीति होनी चाहिये।

इतने वर्ष बीत जाने पर भी सरकार की कोई स्पष्ट नीति निर्धारित नहीं हुई है। दूसरा सुझाव मैं यह देना चाहता हूं कि सम्पूर्ण गोवध, मेरे मतानुसार बन्द होना चाहिये। इसके सम्बन्ध में अगर केन्द्र का कोई कानून नहीं बन सकता है तो संविधान की धारा ४७ और ४८ के सम्बन्ध में जो निर्णय सर्वोच्च न्यायालय यानी सुप्रीम कोर्ट ने दिया है उसके अनुसार हर राज्य में कानून बनने चाहियें। तीसरा मेरा सुझाव यह है कि खादी और ग्रामोद्योग के सदृश ही गोसंवर्द्धन एक स्टेच्युटरी बाडी हो जानी चाहिये। चौथा सुझाव यह है कि गोचर भूमि की रक्षा और सिंचाई से बरसीम, रिजका, मैंगोलु, गिनी आदि चारे की उत्पत्ति होनी चाहिये और साइलेज आदि का अच्छा प्रबन्ध होना चाहिये। पांचवा सुझाव मैं यह देना चाहता हू कि गो सदनों की स्थापना होनी चाहिये और उनको ठीक ढग से चलाने का प्रबन्ध होना चाहिये। छठा सुझाव यह कि जो अच्छे पिंजरापोल हैं उनको सहायता दी जानी चाहिये। सातवां सुझाव येह देता हू कि स्थानीय नसलो की उन्नति होनी चाहिये और एसी नसलें तैयार होनी चाहियें जिन को ड्यूअल परपज की नसल कहते हैं जिसमें अच्छा दूध देने वाली गायें हो और अच्छे ही खेती करने के लिये अच्छे बैल हो। मेरा आठवां सुझाव है कि गवार आदि जो पशुओ के खाद्य पदार्थ हैं, उनका निर्यात बन्द होना चाहिये। साथ ही चारे के यातायात में रेल के किराये में कमी होनी चाहिये। मेरा अन्तिम सुझाव है कि १९५५ की जो एक्सपर्ट कमेटी थी, उसकी रिपोर्ट और उसके साथ उन विशेषज्ञों को गहरी से गहरी खदक खोद करके उसमें..

एक माननीय सदस्य : उन विशेषज्ञों को ?

सेठ गोविन्द दास : उनके लिये मैं न ीं कह रहा हूं, मैं रिपोर्ट के बारे में और उनकी राय के बारे में कह रहा हूं..

कृषि उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा) : आप तो अहिंसावादी हैं।

सेठ गोविन्द दास : मैं कह रहा हूं कि रिपोर्ट और विशेषज्ञों की राय को गाडा जा सकता है। मैं गलती कर गया अगर मैं उनको ही कह गया। और १९४७-४८ की हमारी जो समिति थी, उसकी जो राय थी, उसके अनुसार काम होना चाहिये।

इन सब बातों के साथ ही साथ गो चिकित्सा का समुचित प्रबन्ध होना चाहिये।

अन्त में मैं कहूंगा कि गांधी जी, राष्ट्रपति जी, विनोबा जी, दयानन्द जी, मदन मोहन मालवीय जी, लाला लाजपत राय जी, आदि के गाय के सम्बन्ध में जो विचार हैं उनको सभी जानते हैं। पर मैं यहां अपने भाषण का अन्त करूंगा। जवाहरलाल नेहरू जी की ज बनो के उद्धरण पढ़ कर मालूम होगा कि उन्होंने गाय के बारे में क्या कहा है और उसे क्या माना है :—

> "भिन्न भिन्न देश वालों ने भिन्न पशु-पक्षियों को अपनी महत्वाकांक्षा या अपने चारित्र्य का प्रतीक बनाया है। उकाब संयुक्त राज्य अमरीका का, सिंह जर्मनी का, बुलडाग इंग्लैंड का, लड़ाकू मुर्ग फ्रांस का और भालू पुराने रूस का प्रतीक है। सवाल यह है कि ये संरक्षक पशु-पक्षी राष्ट्रीय चारित्र्य को किस तरफ ले जायेंगे। इनमें से ज्यादातर तो आक्रमणकारी, लड़ाकू और शिकारी जानवर हैं। ऐसी दशा में यह कोई ताज्जुब की बात नही है कि जो लोग इन नमूनों को अपने सामने रख

[सेठ गोविन्द दास]

कर अपना जीवन निर्माण करते हैं वे जान बूझ कर अपना स्वभाव वैसा ही बनाते हैं, आक्रामक रूप अख्तियार करते हैं, दूसरों पर गुर्राते हैं, गरजते हैं और झपट पड़ते हैं। और यह भी आश्चर्य की बात नहीं है कि हिन्दू नरम अहिंसक है, क्योंकि उनका आदर्श पशु है गाय।"

मैं कहना चाहता हूं कि गाय पंचशील के जो सिद्धान्त हैं उनका भी एक प्रतीक है। जहां पर पंडित जी ने गाय के सम्बन्ध में . . .

उपाध्यक्ष महोदय : पंचशील में कोआपरेशन पहला है। मैं चार बार घंटी बजा चुका हूं और आप परवा ही नहीं कर रहे हैं।

सेठ गोविन्द दास : मैं अभी खत्म कर रहा हूं।

मैं आशा करता हूं कि सरकार इस ओर समुचित रूप से ध्यान देगी क्योंकि जैसा मैंने आरम्भ में निवेदन किया है कि अधिक अन्न उत्पादन और खेती के प्रश्न से हमारी गाय का बहुत निकट का सम्बन्ध है।

Mr. Deputy-Speaker: I would request hon. Members not to exceed the limit of 15 minutes. They come and whisper into my ears that they would not exceed 10 minutes, but when they are called, they would not stop even after 20 minutes.

श्रीमती रुक्मिणी देवी राय (सागर—रक्षित—अनुसूचित जातियां): हमें भी मौका दिया जाय।

उपाध्यक्ष महोदय : आप तो अभी बहुत दूर हैं।

Shrimati Renuka Ray (Malda): I shall try to be as brief as possible. You have asked me to keep to 15 minutes limit, I shall try to do so. We are discussing a subject which is more urgent, more immediate and more demanding than any other in the country, *viz.*, the quest on of self-sufficiency in food for our people. It is something about which Government, the Planning Commission and all of us are aware and measures were taken so that increase of food production and agriculture were given the first priority. Those who say that nothing has been done are wrong. But all the same, in spite of whatever has been done, I think the Government is the first to be aware of the fact that our situation is very critical. Last year, the over-all deficit in foodgrains was 6·7 million tons according to the Government's report. Mr. Naga Reddy has been pleased to be very amusing at the expense of . . .

The Minister of Agriculture (Dr. P. S. Deshmukh): His name is Nagi Reddy and not Naga Reddy.

Shrimati Renuka Ray: I am sorry. Mr. Nagi Reddy said that they have shown a spirit of self-justification and complacency throughout. It all depends on the angle of vision from which you look upon a report or upon any work. I was glad that in spite of the very critical situation, the angle of vision of this report is that we will not succumb to a policy of suicide, but we shall try to do something. That is one way and the other one which he adopted was that since there are difficulties, you should commit suicide; probably he wants us to. That was his outlook. Certainly, we have a very critical situation. The Ministry has given food statistics which are very revealing, *viz.*, that while our agricultural production has gone up by about 7·3 per cent, the population has gone up by 12·67 per cent, from 1951. This is very revealing. Obviously, we have to revolutionise our thinking, not only our thinking, but our activity also, if we

are to meet the situation before us. But this is not the immediate need, because howsoever we may revolutionise our activity and thinking, it will take some time.

I would like to deal firstly with the immediate need of today which the consumers and the primary producers in this country are facing. I have said it before and I want to repeat that I do not wish to minimise in any way the difficulties that face the Food Ministry I think the Food Minister at the Centre and his colleagues in the States have a very unenviable task to perform; I do not want to minimise their difficulties in the least. But nonetheless, there are certain points I wish to bring forward.

The first point is in regard to State-trading in foodgrains This has been spoken of for some time and the objective, which the Food Minister mentioned in his statement, is very commendable. He says:

> "The objective of State-trading is to maintain price levels which are fair to the producer and to the consumer and to reduce to the minimum the spread between price received by the farmer and the price paid by the consumer.. ."

What can be a better objective? But how has he armed himself to bring this about? Here I have to confess very frankly that I feel this is the case of the mountain of labour bringing forth the proverbial mouse Are the interim measures going to bring about any results that can possibly be successful? Why has the Food Minister crippled himself to this extent? The seeds of failure are written in these very interim measures I feel that this country must arm the Food Minister and his Ministry better if they are going to give the results of State-trading in this country.

Mr. Nagi Reddy said many things, but he would not face up to the very implications of what this means, because if State-trading is to be brought in, inevitably the corollary of that must be and is, monopoly procurement by Government It means distribution. Howsoever we may have surplus and deficit areas, the over-all picture is one of deficit in this country We must recognise it If we recognise it, we must know that distribution also has to be effective through a system of priorities and rationale. If this is not done, we are really not bringing in State-trading in foodgrains; not only that, we are not really facing upto the issue as we should

The Food Minister has pointed out the administrative difficulties I do not doubt there are tremendous administrative difficulties Shri Asoka Mehta went into the question of warehousing, how it should be increased, etc There are so many difficulties. I want to ask this House—because it is this House which must ultimately give the power to the Food Ministry —when it comes to the question of law and order, do we say, because there are difficulties, because sometimes things go wrong, that there should be no law and order and that Government should divest itself of its powers and that we should allow the law of the jungle to prevail? It is for the people of the country to face up to this. We have not got the mind to do it The hesitant and haulting policy that we see is the result of the fact that we ourselves are confused in our minds in this respect. One of the reasons why we do not like it is because of the light of our past experience Now what was one of the basic differences in the approach then and today? One of the basic differences was that in those days the producer was not, his needs were not, emphasised; it was only the consumer's angle that was emphasised. Today we have an objective that is quite different; the objective is the price support to the producer, fair price to the consumer and elimination of the intermediaries. The object is

[Shrimati Renuka Ray]

clear. If that is so, then let us really empower Government and let the Government come out with such measures as they can carry out to achieve the objectives.

14 hrs.

One of the ultimate measures suggested is the organisation and development of co-operatives of the various types that are required. Then it will be easier for the Government and the people as a whole to be able to carry out this policy properly. But until such time the Government machinery has to function. And if it fails to function, will the Government say: we shall retire because there are certain failures in Government itself?

Therefore, I plead with the Food Minister to look into this matter again, and I ask him to look into this matter again in the light of the experience that we have recently had in a State which has been deficit, in a State which faced a very critical position last year, West Bengal. What happened in West Bengal? And what are the interim measures? Licensing dealers, statutory control of wholesalers and lukewarm support—Lukewarm support, mind you—by retail price control measure, fair price shops and concessions to some States which have certain difficulties, and some annual levy system. These are the interim measures. All these interim measures have failed in West Bengal, and the West Bengal Government have brought in retail price control. They have brought in a levy of 25 per cent. on all rice mills; they have brought in direct procurement through co-operatives for purchasihg paddy at minimum price. They have gone a step further. As the Food Minister has himself stated West Bengal has gone a step further in the matter of State trading than any other State in India. They have done so compelled by the circumstances. But they realise also that there are certain difficulties. One of the difficulties is that just as statutory fixation of wholesale price, if retail prices are controlled only in one State there is difficulty. Therefore, such a measure cannot be effective. So, you have to go further. We want interim measures which will go further. But these interim measures are the ones that have failed in West Bengal, which, as the West Bengal Government pointed out, failed to bring about the expected result. Therefore, the West Bengal Government, after facing for months this tremendous crisis, taking advantage of the circumstances, rose up to the position with the result that now in the month of March this year the price was lower than that of last year by some points. I do not know the exact amount of price but in March this year the price of cereals is lower by 2·59 per cent. And that is due to those other measures brought in from January this year. But that is not the only thing. The Central Government has come to the aid of the State Government, because it is a zone that has always been deficit. The Government there in the past used to buy from the country outside as well as from other areas in the State. The Central Government has come to their aid to the extent of 8 lakh tons from the Central reserves in 1959. They come to our aid in the first few months. Then, about giving help to the State Government people often make a mistake. Help does not mean that the State has not to purchase it. They have to purchase it. Here I would submit that unless most stringent measures are taken the result will not be very satisfactory.

Then I will come to another point. Many people think that West Bengal is getting more of assistance from the Centre than the other States. I wonder how many are aware that after the zonal system was introduced West Bengal is one of the States which was not included along with any surplus area from which it could get something. I heard a great deal—I think it was from Shri Nagi Reddy

—on the question of Kerala Kerala has rice to buy from Andhra Pradesh The Centre also goes to its help. The Centre has realised the difficulties of West Bengal Because, West Bengal has not been linked to any surplus zone. So, naturally it is not possible for West Bengal to do anything but to go to the Centre for help And the Centre, I must own, has come forward in these last months to help West Bengal with the result that that State is now able to face the position The Centre has met the deficit of West Bengal and it has to continue to meet it if the price fixation continues This is the position

Therefore, I would ask the Food Minister that he should take full powers in his hands to deal with the situation Why should he take so little power in this matter that he cannot bring in State trading in foodgrains? I could understand if the position were not one of short supply If there is abundant supply then we could have the normal laws of supply and demand That is not the position now When we are faced with such an urgent situation, will he not empower himself with the necessary powers? His lot, as I said, is an intolerable one and his sincerity of purpose is above question But he will be able to carry out what he wants only by having enough powers to do so

I will turn now to the other side of the picture for a few minutes and that is the question of increase of food production so that there may come a day when we in this country, a predominantly agricultural country can overcome our greatest tragedy and have enough food for our people Now, as I said at the outset, the position is a very difficult one and unless we have a revolutionary change not only in thinking but in our entire activity we canot go ahead Though some suggestions have been made on this matter, I am rather inclined to agree with Dr. Ram Subhag Singh that we continually think theoretically about certain things without going into the details For example, take the details of co-operatives If the co-operatives of today could get over the impediments that they face then only service co-operatives can be successful Then collective farming is not something very far Now sitting in Delhi or Calcutta we think about the farmers and the cultivators Here I want to give one or two examples on our policy Take for instance, the tribals who have shifting cultivation The practice there is cultivating in common They do not have big words such as co-operatives But they do it

Mr Deputy-Speaker: The hon Member should conclude

Shrimati Renuka Ray. I will finish in a few minutes

Now instead of allowing them to do so, they have taken them away from shifting cultivation and settled them on Land We want them to act independently They have a custom We break that Then we talk of co-operatives in other spheres I think it is necessary to bring all these things together and to really follow a pattern that is uniform that goes into the details of these matters, so that we can, in fact be successful

Lack of time makes it impossible for me to go into other matters that I wanted to say, except to say two things I would like the Minister to look into the fact that last year, during the discussion of the Demands for Grants, he made a statement which he made because the Planning Commission had laid it down that outside the Plan provision, minor irrigation schemes would be sanctioned and money allotted He made this statement and I think he did it because he was in the full understanding that this would be done Not only in West Bengal, it may be the same else where Six schemes were sent up and they have been sanctioned They have been asked to find money for them from their present allotments either from Community projects or from agriculture The whole point that

[Shrimati Renuka Ray]

outside the Plan provision, minor irrigation schemes were considered, has not been carried out. I do not think it is the Minister's fault. I would ask him to look into it. It may be that the Planning Commission has not done it. It may be that the directive has not been carried out. Somehow or other it has happened.

Similarly, the State Governments do a similar thing. We have minor irrigation schemes Plans go on from year to year. They do not come to fruition. Yet, in the meantime, we find that lakhs of money gets spent in relief. Because, floods and drought come in an area and relief comes up costing about Rs. 18 lakhs. Fertilisers, manures, seeds are given in much more profusion than before What happens down in the field? The co-operatives wait and wait. They do not come in time. I do not say everywhere. I am not making a sweeping statement. But, the point that a sufficient amount is not put in is something we should take note of

Similarly in regard to fertilisers and seeds, surely, when we have this experience, we can do one thing. This is very important during certain months in the year. Could we not mobilise our resources on this side to see that they reach in time? That at least would certainly improve the food production to a certain extent. It may be that we cannot meet the whole requirement But, it is one of the things that needs particular attention. I do not say that the Central Food Minister can work wonders. But, surely he can try to mobilise and ask each State during a particular period to mobilise many more persons into this work of seeing that distribution takes place in time.

Before I conclude, I have one more appeal to make to the Food Minister, that is, in regard to milk for children. We are short in milk supply. In wartime England, although they faced many privations, there was one thing that they did and that was, priority was given for milk for the children and nursing mothers and the aged. Surely the time has come after a decade when in this country we can bring in such a system. I know there may be difficulties in setting up an administrative system. Surely it can be done. Surely those who buy sweetmeats and luxury goods can give that up for the time being for the health of the country, so that we may have a future generation that would be healthier than they are likely to be today

Before I conclude, I would plead with the Food Minister again to arm himself with powers so that he can really enforce prices in the interests of both the consumer and the producer.

Shri D. R. Chavan (Karad): Mr. Deputy-Speaker, I have heard the debate with rapt attention and considered the crises that are facing our country for the last ten years. What are the basic needs of the country today? Enough food, enough work to buy food The question is whether the Government has been able to rolve this problem

In spite of the fact that serious efforts are being made to increase the country's food production, our country is deficient in food both qualitatively as well as quantitatively, though agriculture is the main and basic industry of the country. What are our difficulties? There cannot be any doubt, it is no use to have a controversy over the point that this country has landed into difficulties. Our difficulties are both internal as well as external Internally we have production shortage, especially of food. Then, there is the problem of rising population; there is the problem of increasing unemployment, constant threat of inflation, lack of people's co-operation, lack of Government efficiency, lack of co-ordination and integrated planning and there is the problem of corruption There are external difficulties too But, the external difficulties I am not

placing just now, because they are irrelevant for today's discussions Let us analyse all these factors and see what they really are

In an agricultural country like India, scarcity of food cannot be a problem But, it is today Some of the factors that have been put forward by the Government in defence of shortage of food production are rapid growth of population, hoarding and inefficient production We have to consider whether rapid growth of population is responsible for food shortage It is no use denying the fact that there is rapid growth of population The Census report of 1951 predicts that our population in 1961 would be 41 crores Considering the rate of growth of population according to the Census of 1951, let us take it for granted that India today is inhabited by 40 crores of people I have read all the reports Nowhere have I found out any calculation made by the Government concerning the country's total food requirements Nowhere have I found any statistics concerning the country's requirements with regard to food I found that the total requirements of the country today are, according to certain calculations made by certain experts, 582 crores oz per day or 611 lakh tons per year I do not know whether this calculation that has been made by some experts, is correct or not But one thing is certain Nowhere do I find this calculation made on the basis of the population by the Government.

As against this, production of foodgrains according to the revised estimate comes to 687 lakh tons during the year 1956-57 and 620 lakh tons in the year 1957-58 What does it indicate? There is a surplus of 76 lakh tons in the year 1956-57 and about 10 lakh tons in 1957-58 The argument will be, there is more than enough food to feed the increasing population and the increasing population cannot be considered responsible for the food shortage The question is, who is responsible for this shortage? This shortage is due to what reasons? Why is this causing considerable difficulties in the economy of the country? How is hoarding responsible? One of the arguments advanced is that the farmers keep some marketable surplus with them Let us see the validity of this argument Let us analyse who is responsible for this shortage, which is causing considerable stresses and strains in the country's economy today. The poor small farmers as well as the masses in general are unable to hoard foodgrains due to want of money To know the real position, it will be necessary for us to analyse the national income Details of the national income tell us about the dependence of the country on different economic pursuits and, as such invite attention to any imbalance that might be there Such studies also bring to light the economically weak spots within the nation Such studies throw light on the distribution of wealth

It has been stated that our national income is to increase from Rs 10,800 crores in 1956-57 to Rs 13,480 crores at the end of the Second Plan and the *per capita* income from Rs 281 to Rs 331 The *per capita* income is no dependable index of the economic conditions of the masses A very large section of the Indian people have income much below the *per capita* figure

According to Professors Shah and Khambata, five per cent of the people constituting the richer classes enjoy more than one-third, that is, nearly thirty-six per cent of the national income Thirty per cent of the people comprising the middle classes enjoy another thirty-three per cent of the national income and the remaining sixty-five per cent of the people are left with almost thirty-one per cent of the national income

On this basis, the *per capita* income of the poorer classes constituting sixty-five per cent of the total population, mostly inhabiting rural India, does not exceed six annas a day This is not his real income The real *per*

[Shri D. R. Chavan]

capita income continues to be very nearly constant in spite of developmental activities Even when considered with respect to the per capita figure of 1959-60, no real change is discernible

श्री यादव : हम को तो आप की दया-दृष्टि पर ज्यादा भरोसा है। १७-११-५० को उस समय के खाद्य मंत्री, श्री मुंशी, ने कहा कि "भारत छोड़ो आन्दोलन" के बाद मुल्क ने सब से बड़ा फ़ैसला यह किया है कि ३१ मार्च, १९५२ तक खाद्यान्नों के मामले में देश आत्म-निर्भर हो जाये। "भारत छोड़ो" का नारा गांधी जी ने दिया था और अन्न-संकट के दूर करने का नारा के० एम० मुंशी महोदय ने दिया। लेकिन होता क्या है? वह तिथि बदल गई और प्रधान मंत्री ने १८-११-५० को फिर कहा कि मैं ने कोई वक्तव्य दिए हैं कि १९५२ तक खाद्यान्नों का आयात बन्द हो जायेगा, मुझे अफ़सोस है कि मेरा वादा ग़लत साबित हुआ, लेकिन हम हर सम्भव कोशिश करेंगे कि योजना की समाप्ति तक खाद्यान्नों का आयात बन्द हो जाये। एक योजना का अन्त हुआ। दूसरी योजना चल रही है और उस के भी तीन वर्ष बीतना चाहते हैं और तीसरी योजना की चर्चा चल रही है। पिछले वर्ष जब इसी सदन में खाद्यान्नों के सम्बन्ध में बहस हुई थी, तो प्रधान मंत्री महोदय ने कहा कि अन्न के मामले में देश में इतना जबर्दस्त संकट है कि मुझे ज्ञात नहीं था, मैं समझ नहीं पाया था। यह सरकार बारह साल से खाद्य स्थिति में सुधार नहीं कर पाई है। इस विषय में पंच-वर्षीय योजनाओं की बात की जाती है। पंच-वर्षीय योजनाओं और राजनीति का भी सर्व-प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि देश में रहने वाले सभी वासियों को पेट-भर भोजन तो दिया जाये। लेकिन पेट-भर भोजन की कौन कहे, आधे भोजन के लिए, किसी तरह जी कर रहें, रगड़ कर रहें, उतना भोजन देने के लिए ९५ करोड़ का भोजन बाहर से मंगाया जाता है, जब कि भारत एक कृषि-प्रधान देश

है। संयुक्त राष्ट्र संघ के ८२ देशों में से केवल मिश्र को छोड़ कर भारत खाद्यान्नों के मामले में सब से पीछे है। लेकिन सरकार का ध्यान उस ओर क्यों नहीं गया? उस का केवल एक कारण है। आज भूखों मरने वाले कौन है? श्रीमान्, मैं कह सकता हू कि न तो इस सदन में बैठने वाले माननीय सदस्य हैं और न मंत्रीगण हैं। मरते कौन लोग हैं? मरते वे हैं जो इक्के वाले होते हैं, जो रिक्शा वाले होते हैं, गावों में रहने वाले जो हरिजन लोग होते हैं, जो पिछड़ी जातियो के लोग होते हैं। सवर्ण हिन्दुओं में वही लोग मरते हैं, जो पिछड़े हुए होते है, जो पाजामा, धोती, कुरता पहनते है, जो गरीब होते हैं और गरीबी की हालत में अपनी जिन्दगी गुजारते है। प्रधान मन्त्री को उनकी क्या चिन्ता है? मुझे एक कहावत याद आती है। विष्णु भगवान को लक्ष्मी से फुरसत नही, शहनशाह जहागीर को नूरजहा से फुरसत नहीं और आज शहनशाह जहागीर नेहरू को पंचशील से फुरसत नही है। दुनिया को शान्ति का सन्देश वह देते फिरते है, उनके आपसी झगडो का फैसला करवाते फिरते है। घर में नही हैं दाने, मा चली भुनवाने वही बात आज हो रही है। लोग भूखों मर रहे है, और उनको कोई चिन्ता ही नही है।

17 hrs.

देश भूखा है और वह गुलदस्तों से खेलने जाते हैं और वह भी पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों से, नैनीताल जैसे पब्लिक स्कूलों के बच्चों से। क्या प्रधान मंत्री कभी म्यूनिसिपैलिटियों और नोटिफाइड एरिया द्वारा जो स्कूल चलाये जाते हैं और जिन स्कूलों में गरीब लोग, हरिजनों के बच्चे, साधारण लोग, मैले कुचैले कपड़े पहने हुए बच्चे, जिनीने बच्चे पढ़ते हैं, वहां पर तशरीफ़ ले गये हैं, क्या उनका उनकी तरफ भी कभी ध्यान गया है? उनको पेट भर भोजन खाने को नहीं मिलता है। वहा वह जाना पसन्द नहीं करते है। खाद्य समस्या तब तक हल नही हो सकती है जब तक हम उन लोगों को रोटी नही दे पायेंगे जो कि भूख की ज्वाला में झुलस रहे हैं। इस सब का परिणाम आज क्या हो रहा है? नेहरू नौकरशाही का, नेहरू मन्त्रिमडल का ध्यान उस तरफ है ही नही। उनको लोग चाचा नेहरू कहते हैं। लेकिन उनको उन्हीं भतीजो का पता है जो भतीजे गुलदस्तो से खेलते है, जो बुशर्ट पहनते है, जो टाई और पैंट पहनते है, और उन बच्चो का पता तक नही जो भूखो मरते हैं, जिन के तन पर कपड़ा नही है जिन के पढने लिखने का कोई इंतिजाम तक नही है।

श्री वी० पं० शर्मा (गुरदासपुर) वह सब जानते है।

श्री यादव: तब तो और भी बुरी बात है। जानते हुए भी कुछ न करना, इससे बुरी बात क्या हो सकती है।

सरकार कहती है कि खाद्य समस्या को राजनीतिक प्रश्न न बनाया जाए। मैं पूछना चाहता हू कि आखिर राजनीति है किस के लिए अगर वह खाद्य की समस्या को हल नहीं कर सकती है। सरकार चाहती है कि विरोधी दल वाले उसके साथ सहयोग करें। सरकार सर्वदलीय समिति बनाती है। लेकिन जितना भी सलाह मशविरा वहा दिया जाता है, सब पर कोई अमल नही होता है। ऐसी सर्वदलीय समिति से क्या लाभ हो सकता है? इसीं वास्ते तो सोशलिस्ट पार्टी ने उसमें भाग लेना छोड दिया है। इस तरह से कोई कल्याण होने नही जा रहा है।

अगर आप खाद्य समस्या को हल करना चाहते हैं तो मैं आपको कुछ बुनियादी बातें बतलाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि आप उनकी तरफ ध्यान दें। अन्न की पैदावार कैसे बढ़ सकती है, इसके बारे में माननीय सदस्य ने अपने अपने सुझाव दिये है, किसी ने कहा है, पानी की सुविधा मिलनी चाहिये, बीज मिलना चाहिये इत्यादि। लेकिन सब से बुनियादी

[श्री यादव]

बात जो है वह यह है कि जो खेती करता है, वह जमीन का ही मालिक नहीं है। आज जमीन का मालिक वह है जिस का हल कागजों पर चलता है, लेखापाल की कलम द्वारा लिखे गये कागजों पर चलता है लेकिन जिस का हल जमीन पर चलता है उसके पास जमीन ही नहीं है, वह जमीन का मालिक ही नही है। कहीं-कही पर भूमि सुधार लागू किये गये हैं। लेकिन जब तक इस बुनियादी सिद्धान्त को नहीं माना जाता है कि सायल टू दी टिल्लर, खेत उसका जो खेती करता है, तब तक पैदावार नहीं बढ़ सकती है। तो अगर आप चाहते हैं कि अधिक अन्न पैदा हो तो जमीन का पुनर्वितरण करना होगा और इसके लिए कानून बनाना होगा। १४ करोड़ एकड़ जो भूमि बंजर पड़ी हुई है उसको आपको तुड़वाना होगा और उसमें खेती करने के लिए दस लाख खेतिहरों की पलटन तैयार करनी होगी। आज पांच करोड़ एकड़ के लिए पानी उपलब्ध है लेकिन बाकी की जो कोई २२ करोड़ एकड़ भूमि है, जिस पर कि खेती होती है, उसके लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। उसके लिए आपको पानी की व्यवस्था करनी होगी। कुएं इत्यादि आपको खुदवाने होंगे। लेकिन ये सब काम न करके आप तो उद्घाटन भाषण ही करते रहते हैं, इससे खाद्य समस्या हल होने वाली नही है। कई खाद्य मंत्री आ चुके हैं। के० एम० मुंशी साहब आए, जयरामदास दौलत राम साहब आए। उन्होंने कहा कि गमलों में खेती हो, छतों पर खेती हो और कलैक्टरों के बंगलोस के कम्पाउंड में खेती हो। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जो खेती करने वाले है, उनके लिए न कोई साधन उपलब्ध किये जा रहे हैं और न ही उनको जमीन दी जा रही है और केवल भाषणों से ही सारा काम चलाया जा रहा है।

मैं आप को एक मिसाल देना चाहता हूं। एक बात सुनाने की योजना चली है। केन्द्रीय सरकार का कृषि मंत्रालय उस सिलसिले में राज्यों को पैसा देता है। उत्तर प्रदेश को भी पैसा मिला और उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत बाराबंकी जिले को भी मिला। ४०,००० की एक इंस्टालमेंट आई। लेकिन वह पैसा उस को कब मिला, वह तब मिला जब फाइनेंशल ईयर खत्म होने को था और अधिकांश पैसा बरागांव, मसौली, और भयारह, इन तीन गांवों में तीन ही आदमियों के बीच बांट दिया गया। इस के बाद १५,००० रुपया और उसी समय गया और यह रुपया भी जिन को भूमिधर कहा जाता है और जिन के पास सारी जायदाद है, जो पुराने जमींदार हैं, उन के बीच बांट दिया गया। गरीबों को कोई एक पैसा भी नही देता है। जब ऐसी बात है तो किस तरह से अन्न संकट दूर हो सकता है। अगर सरकार चाहती है कि अन्न संकट दूर हो, तो उस को इन गरीब किसानो की तरफ ज्यादा ध्यान देना होगा।

इस के साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हू कि जिस खेती से कोई मुनाफा नहीं होता है, उस पर लगान न लगे। लेकिन इस ओर ध्यान न दे कर और खेतिहरों के पलटन तैयार न कर के अफसरो की पलटनें तैयार की जाती हैं। ये लोग तजवीजें भेजते है, उद्घाटन करते है और इन की तसवीरें भी अखबारों में छप जाती है। हमारे यहां भी एक फूड कंसलटेटिव कमेटी बनी हुई है जहां पर हम भी जाते है। वहां पर काजू, चाय, इत्यादि खाने को मिल जाता है और खा पी कर हम लोग तशरीफ ले आते हैं, होता कुछ नही है। इस वास्ते मैंने अब वहां जाना भी छोड़ दिया है।

दामो के बारे में मेरे माननीय मित्रों ने सोशलिस्टों पर लांछन लगाया है और कहा है कि किसानों का इस पार्टी ने बहुत अहित किया है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि

आज जो लोग खाद्यान्नों के मूल्य को ले कर उपभोक्ता और किसान में झगड़ा पैदा करना चाहते हैं, वे बहुत ना-समझ हैं। यह किसान और उपभोक्ता का झगड़ा नहीं है। प्रश्न यह है कि जब फसल कटती है, अब जब गेहूं कट रहा है, तब तो वह बहुत सस्ता बिकता है, १४ रुपये सन बिकता है। लेकिन जब यह सारा गेहूं किसान के घर से निकल जायेगा क्योंकि वह ज्यादा दिन तक इस को रख नहीं सकता है, उस को लगान अदा करना होती है, उस को शादी में खर्च करना होता है तथा दूसरी अपनी जरूरत पूरी करनी होती है और ८०-८५ परसेंट घरों से बाहर चला जायेगा और छोटे व्यापारियों के हाथ से भी निकल जायेगा और करोड़-पतियों के हाथ में, बिड़ला जैसे पूंजीपतियों के हाथ में चला जायेगा तो इस की कीमत १४ रुपये के बजाय २५-२८ रुपये मन हो जायेगी। सोशलिस्टों ने तहरीक शुरू की थी और कहा था खाद्यान्नों के मूल्य गिरे, उस से किसानों को कहां नुकसान था। मेरी पार्टी की यही मांग है कि सरकार कोई निश्चित और सुदृढ़ दाम नीति अपनाये और उस का आधार यह हो कि दो फसलों के बीच में किसी भी खाद्यान्न का मूल्य मेर पीछे एक आना से अधिक नहीं बढ़ना चाहिये। इसी तरह से हम यह भी चाहते हैं कि कारखानों में बनी किसी भी जीवनोपयोगी वस्तु का बिक्री दाम लागत खर्च से ड्योढ़े से अधिक किसी हालत में न हो। तीसरे, किसान को उस के अनाज और कच्चे माल का ऐसा दाम मिले जो लागत खर्च और जीवन निर्वाह को सुभीते से कर सके, उस से किसी सूरत में भी कम न हो ताकि खेतिहर और औद्योगिक चीजों के उत्पादन में संतुलन और समता कायम हो सके। इसलिये यदि सरकार चाहती है कि निश्चित दाम नीति अपनाये तब तो वह जो सरकार आज व्यापार अपने हाथ में लेने जा रही है उस से कुछ फायदा हो सकता है और अगर इस नीति को तय नहीं करती है तो जो व्यापार आज सरकार लेने जा रही है, उस में भी इस को कामयाबी नहीं मिल सकती है। आज दाम की लूट के सिलसिले में यह हो रहा है कि एक तरफ करोड़पति सरदार बिड़ला जैसे हैं, दूसरी तरफ सरकारी सेठ जिन में सब से बड़े नेहरू साहब और जैन साहब हैं और तीसरे वे हैं जिन के पास ५०० से १००० एकड़ या उस से ऊपर भूमि है और ये तीनों मिल कर के दामों की लूट कर रहे हैं। अगर आप ने अब जब आप व्यापार अपने हाथ में ले रहे हैं निश्चित दाम नीति नहीं अपनाई तो इस का यह नतीजा होगा कि इन तीनों की जगह केवल सरकार और उस की भ्रष्ट नौकरशाही ले लेगी और उस से कोई कल्याण नहीं होगा।

सहकारी खेती के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि मैं उस का स्वागत करता हूं। लेकिन आवडी के समाजवाद के प्रस्ताव का जिस तरह से इलैक्शन में नाजायज फायदा उठाया गया था उसी तरह से इस सहकारिता का १९६२ में होने वाले इलैक्शन में इस्तेमाल करने के लिये इस को अगर अपनाया गया है, तो यह बहुत खतरनाक बात है। लेकिन अगर यह सही मानों में सहकारिता का नारा है तो मैं इस का स्वागत करता हूं। मैं इसलिये यह कहता हूं कि जब दूसरी जगहों पर सहकारिता चल सकती है, तो खेती में भी अवश्य चल सकती है।

भ्रष्टाचार का मैं जिक्र कर चुका हूं। लेकिन एक छोटी सी मिसाल मैं और देना चाहता हूं। आन्ध्र में राजा महेन्द्री जेल है। उस जेल में अमरीका द्वारा ५,००० डिब्बे दूध के भेजे गये। वहां पर खाने को भोजन ही नहीं मिलता, दूध मिलने की बात तो दूर रही। लेकिन दूध अमरीका की तरफ से भेजा गया। लेकिन वहां पर पहुंचते-पहुंचते यानी कैदियों तक पहुंचते-पहुंचते केवल चार डिब्बे दूध के ही रह गये, बाकी डिब्बे कहां चले गये, कोई जानता ही नहीं।

[श्री यादव]

आज कहा जाता है कि उपज में तरक्की हुई है । इस की भी एक मिसाल मैं आप के सामने रखना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश में नौ कृषि पंडितों को इनाम मिला है और जिन नौ कृषि पंडितों को मिला है उन्होंने सिंचाई के साधनों से सिर्फ अपने निजी साधनों का इस्तेमाल किया है, सरकारी साधनों का इस्तेमाल नहीं किया है, सरकारी साधनों का इस्तेमाल पूरी तरह से वे नहीं करते हैं । क्योंकि वह नाकाफ़ी हैं । अगर औसत पैदावार और जो कृषि पंडितों की पैदावार है, उस का मुकाबला किया जाय तो दुगुने का फर्क पड़ेगा । और जब औसत पैदावार और कृषि पंडित की पैदावार के बीच में कोई नजदीकी रिश्ता न हो, तो इतना तो समझ ही लेना चाहिये कि आम तौर से जो भारत का कृषि आन्दोलन रहा है वह असफल रहा है और उस से देश की फसल नहीं बढ़ सकती ।

अन्त में मैं एक बात कहूंगा कि हमारे माननीय अजित प्रसाद जैन से जब कभी गन्ने के बारे में बातचीत होती है तो जिस ढंग से बिच्छू डंक मार देता है, वैसे ही वह जान पड़ते हैं । यह बहुत पुराना फार्मूला रहा है कि जितने आने मन गन्ना उतने रुपये मन चीनी और अगर इस आधार को माननीय मंत्री महोदय मान कर गन्ने का दाम निश्चित कर दें तो अच्छा है । पिछली बार जब हड़ताल चल रही थी तो इसी सदन में काम रोको प्रस्ताव रक्खा गया था । माननीय मंत्री महोदय ने फ़रमाया था कि दाम तो कम निश्चित हो चुके हैं इसलिये अब मौका नहीं है । मैं याद दिलाना चाहता हूं कि फिर मौका आ गया है दाम निश्चित होने का । वे केवल यह कह कर कि पड़ता नहीं पड़ता, केवल हां या न में उत्तर दे कर इस सवाल को टाल न जायें । यह अच्छा नहीं होगा । मैं चाहूंगा कि किसी दिन आप बहस करवायें गन्ने के मूल्य पर । चीनी के मूल्य में और गन्ने के मूल्य में कोई रिश्ता कायम करना चाहिये । चीनी के बारे में यह कि छः आने, साढ़े सात आने सेर की लागत पड़ती है जबकि चीनी ? रुपये सेर बिकती है । चीनी के दाम गिरने चाहियें और गन्ने के दाम बढ़ने चाहियें ।

एक जुम्ला अन्त में कह कर मैं समाप्त कर दूंगा कि इस से अगर मंत्री जी को सन्तोष हो गया है कि सरदार नगर की सरया शूगर मिल के किसानों के ऊपर, सरदार सुरजीत सिंह मजीठिया जैसे मालिकों की प्यास *ढेकू और चन्द्र शेखर मिश्र के खून से बुझ* चुकी है तो फिर समय आ गया है कि किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने के दाम २ रु० मन जरूर रक्खे जायें ।

इन शब्दों के साथ मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उन का यह कर्तव्य है कि वे इस पर गौर करें ।

Mr. Deputy-Speaker: Shri Sinhasan Singh—I find he is not present. Then, Shrimati Laxmi Bai·

Some hon. Members *rose*—

Shri I. Eacharan (Palghat)· Sir Kerala is a deficit State.

Mr. Deputy-Speaker: Still we are carrying on this debate Kerala will also be represented.

Shri Naval Prabhakar: What about Delhi?

Shri Bishwanath Roy (Salempur) Uttar Pradesh?

Shri R. S. Tiwari (Khajuraho) Madhya Pradesh?

श्रीमती लक्ष्मी बाई · उपाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ सुझाव रखना चाहती हूं, बहुत बोलना नहीं चाहती । हमारा अन्न का मंत्रालय जानवरों और इन्सानों सब के लिये बहुत करीब है । मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहती

हूं कि आज गांव गांव, घर घर में आप के नाम का स्मरण हो रहा है । कारण यह है कि जो भी सुझाव आप के पास आते हैं उन पर जब आप चलने की कोशिश करते हैं तो उस में कहीं गड़बड़ी हो जाती है और उस से आप की बदनामी हो जाती है । और किसी भी मंत्रालय की इतनी बदनामी नहीं होती है जितनी बदनामी आप के मंत्रालय की होती है क्योंकि इस देश के लोगों के रोजाना के इस्तेमाल की चीजों में आप का महकमा सब से करीब है । पहले खाना बाद में वस्त्र । यह आप के लिये बहुत अहम चीज है । लेकिन आप गांव में जा कर जगह जगह अपनी पैरवी तो नहीं कर सकते । बहुत सी ऐसी बातें हैं जिन में आप कुछ बोल नहीं सकते हैं । जो भी आप की रिपोर्ट आती हैं उन में सीधी सीधी बात नहीं रहती है, कोई न कोई गोलमाल कर के लाई जाती है । उन में कई इधर उधर की बातें रहती हैं जोकि मैं समझती हूं कि बहुत गलत होती हैं । आप हमेशा बोलते हैं कि हमारे यहां मछलियां बढ़ गईं, दूध बढ़ गया, दाल बढ़ गयी और साथ ही कहते हैं कि लोग भी बढ़ गये । इसीलिये हम को बाहर के बाजारों से अनाज लाना पड़ता है । मैं आप के सामने एक चीज कहना चाहती हूं । आज रोजाना एक आदमी को अगर आधा सेर दूध मिलने का औसत हो तो आप सोचिये कि ३६ करोड़ आदमियों को आधा सेर दूध के हिसाब से कितना दूध चाहिये । उस का हिसाब कई करोड़ आता है । इस के लिये हमारे देश में मछलियां आईं, गोश्त आया, दूध आता है । इस तरह की न जाने कितनी चीजें आती रहती हैं, इस का कोई हिसाब नहीं । हालांकि आज इतनी जरूरत नहीं है फिर भी आप रोज कहते रहते हैं कि बहुत सी चीजें बाहर से आ रही हैं । हिन्दुस्तान सब चीजों के लिये मोहताज ही है । लेकिन यह चीज गलत है । हमारे यहां चीफ मनिस्टर कहते हैं कि जमीन बढ़ रही है, नई जमीन लाखों एकड़ जोती जा रही है । वह समझते हैं कि अगर हम इस तरह से नहीं कहेंगे, अगर यह नहीं बतलायेंगे कि पिछले साल से इतनी ज्यादा जमीन जोत के नीचे लाई गई तो वह नाकाबिल साबित होंगे । इसलिये वह जमीन को बढ़ाते चलते हैं, लेकिन जो हकीकत है उस को नहीं लिखते हैं । इस तरह से जिले से स्टेट में आ कर और स्टेट से सेन्टर में आते आते जमीन बहुत बढ़ जाती है । लेकिन दरअस्ल सरकार को यह पता नहीं है कि असलियत क्या है । आप के आंकड़े बढ़ते जाते हैं । इस तरह से चोरी हो रही है, शैतान लोग बैठे बैठे खा रहे हैं । बात यह है कि आप के यहां नई जमीन तो बढ़ रही है, कल्टिवेशन भी बढ़ रहा है मगर पुरानी जमीन कितनी खराब हो रही है, इस का अन्दाजा आप को नहीं है । चूंकि आप को कोई यह चीज नहीं बतलाता है इसलिये उस के आंकड़े आप के पास नहीं हैं । दिल्ली में दस पंद्रह मील तक चले जाइये । वहां की जमीन ऐसी है कि १५ या २० सालों में जमीन मलाई जैसी हो सकती है और तिगुना अनाज पैदा किया जा सकता है । लेकिन हम देखते क्या हैं कि पत्थरों वाली जमीन बढ़ती जा रही है, इस तरह तो दस साल तक भी वह खेती के काबिल नहीं होगी । जैसे नये वकील की बात होती है कि कोई आदमी उस के पास जाता नहीं है, उस की प्रैक्टिस नहीं चलती है, उसी तरह से आज आप जमीन को तालाबों में, बागों में इस्तेमाल कर के खराब कर रहे हैं । आप को इतना रहम नहीं है कि आप क्यों जमीन में पत्थर फैलाते हैं । जो जमीन अच्छी हो सकती है उस की ओर आप का ध्यान नहीं है, इसी लिये आज पैदावार कम हो रही है, लेकिन इतना होते हुए भी आप के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं और आप को सही पता नहीं लगता कि कितनी पैदावार हो रही है । हमारे लोग आफिसों में शान से जा कर बैठ जाते हैं, वह सोचने का काम नहीं करते हैं । वह क्यों नहीं देखते कि आज जमीन पर ट्रैक्टर चल रहे हैं या कि पत्थर लग रहे हैं, ईंट बन रही हैं ।

[श्रीमती लक्ष्मी बाई]

मेरा दूसरा प्वाइंट यह है कि आप के पास खाद नहीं, ताकत देने वाली चीज नहीं । फर्टिलाइजर का आप व्यापार करते हैं । आप कहते हैं कि एक साल के अन्दर आप ने ३ करोड़ रुपये कमाये, सिंदरी फैक्ट्री ने ३ करोड़ रुपये के व्यापार की व्यवस्था की है । मैं जा कर देख आई हूं । भले ही उसने ३ करोड़ रुपया एक साल में कमाया लेकिन उस से किसानों की कितनी भलाई हुई । जब हमारे सामने वाले भाई बोलते हैं तो हमें बहुत गुस्सा आता है, लेकिन हम उन को कैसे जवाब दें ? वह लोग सही बात कहते हैं । लेकिन हमारे यादव जी ने जो कुछ कहा वह गलत है । दो महीने लगातार स्ट्राइक करने से कितनी पैदावार बढ़ी है अगर काम न करें उल्टे बगावत करें तो उस से तो नुकसान होगा । आज हमारे यहां फर्टिलाईजर की बहुत जरूरत है । आज श्री राम सुभग सिंह, मिश्र जी और भार्गव साहब ने जो सुझाव दिये हैं वे मानने की बहुत जरूरत है । ११ साल से हमारा पैसा खर्च हो रहा है, लेकिन इस से हमारे मेहनत करने वाले कल्टिवेटर का कितना हित होता है, हमारी सारी कोशिशों का क्या फल होता है ? इसलिये जो आप का ११ साल का तजुर्बा है उस से कुछ सीखिये और नये तजुर्बे को कीजिये । मैं आप से कहना चाहती हूं कि थ्योरेटिकल अलग चीज होती है और प्रैक्टिकल चीज अलग होती है । हमारे यहां थ्योरेटिकल बात बहुत जोर से चलती है । अगर आप प्रैक्टिकल चीज को देखें तो चार पांच साल आप के लिये बहुत अच्छा रहेगा । आप का नाम तो राम नाम की तरह से सारे गांवों गावो में फैल जायेगा । आज औरतों के लिये बड़ी मुश्किल है । औरतें रोती हैं कि कहां जाय, एक रु० की १४ छटांक दाल कैसे लाये ? कैसे १०० रु० पाने वाला चावल अपने लोगों को खिलाने के लिये लाये ? लाने के बाद उस को बनाने और खिलाने में औरतों को बड़ी दिक्कत होती है । खाद्य समस्या औरतों के लिये बड़ी मुश्किल है । इस वास्ते आप मेरी बात सुनिये । आप औरतों को बुलाकर उन से मशविरा लीजिये कि पैदावार कैसे बढ़े? अगर आप इसके लिए १ करोड़ रु० रखिए । अगर आप चाहेंगे तो यह बुड्ढे के हाथ में एक लकड़ी का सहारा जैसी चीज होगी । आज गांव गांव में खाद के लिये काम किया जा रहा है । लोग कहते हैं कि खाद के लिये कुछ होना चाहिये । आज लाखों रु० का गोबर बरबाद हो रहा है । गोबर आज ईंधन के काम में लाया जा रहा है । इस पर बोलने के लिये मेरे पास बहुत चीज है किसी और समय में इस को बतलाऊंगी । ईंधन के बारे में मेरे पास बहुत सामान है । मैं ने इसके वास्ते बहुत काम किया है । मुझे बहुत कुछ कहना है । आप मेहरबानी करके मुझे एक मिनट और दें ।

आप पंचायतो को मदद दीजिये । मैं ने इस बारे में अपनी स्टेट में भी कहा था । पंचायतों को दो दो सौ रुपये की सबसिडी दी जाये ताकि गांवों में ट्रेंच लेटरिन बनायें जायं जैसे कि वरधा में हैं । इससे आरोग्य भी बढ़ेगा और इससे सस्ती खाद भी मिलेगी ।

इसी तरह से शहर का जो ड्रेनेज का पानी है उसका उपयोग खाद के लिए किया जा सकता है । जो लोग जी० टी० एक्सप्रेस से जाते हैं वे देख सकते हैं कि दिल्ली का ड्रेनेज का पानी बीस मील तक जाता है । मैं हैदराबाद के ड्रेनेज के पानी से २० एकड़ का प्रबन्ध करती हूं । अगर इस पानी को काम में लाया जाये तो इससे ५ परसेंट खाद मिल सकता है । इसमें पैसा भी नहीं लगता । ड्रेनेज वाटर में बहुत खाद होता है ।

अब मैं कुछ ऐसी बातें कहना चाहती हूं जो कि मरदों को नहीं मालूम । अगर आपको सेर दो सेर आटे की जरूरत होती है तो चार सेर तरकारी की भी जरूरत होती है ।

आजकल दिल्ली में १२ लाख रुपये रोज की तरकारी की बिक्री होती है । आजकल टमाटर यहां ६ आने पाव हैं । घर घर में यह शिकायत है कि देश आजाद हो गया लेकिन खाना नहीं मिलता । यह बुरी बात है । मैं इसके लिए एक हल बताती हूं । आप देखें कि किसान तीन महीने में टमाटर उगाता है, साढ़े तीन महीने में बैंगन उगाता है । जब तरकारी पैदा हो जाती है तो उसको उसे १५ या २० मील बाजार में लाना पड़ता है जिसमें उसके दो तीन रुपये लग जाते हैं, और कभी कभी उसको जो तरकारी बेच कर मिलता है वह उसके किराये से भी कम होता है । इस तरह किसान को नुकसान होता है और लेने वालों को भी तरकारी महंगी मिलती है । सिर्फ जो बैठकर बेचता है उसको लाभ होता है । वह किसानों से भी लाभ उठाता है और खाने वालों से भी लाभ उठाता है । ये छोटी छोटी बातें हैं लेकिन इन की तरफ भी आपको ध्यान देना चाहिए । मेरा सुझाव है कि तरकारी देहात से लाने के लिए ट्रकों का इन्तिजाम होना चाहिए । किसान अपनी तरकारी ट्रकों में लावें, यहां बेचें और उनको वापस पहुंचा दिया जाये और उनसे केवल, पेट्रोल का दाम और ड्राइवर की तनख्वाह ही ली जाये जैसे कि पब्लिक स्कूलों में होता है । यह चीज बहुत जरूरी है । आप गावों का, बैलों का, घोड़ों आदि का इन्तिजाम करते हैं लेकिन इस बात को मजाक में उड़ा देते हैं । मैं चाहती हूं कि लोगों को अच्छी तरकारी सस्ती मिलनी चाहिए और किसान को भी लाभ होना चाहिए । अगर किसान को लाभ नहीं होगा तो वह उस गाय की तरह होगा कि जिसको खाना कम दिया जाये । वह आठ दिन में दूध देना बन्द कर देगी । तो मैं चाहती हूं कि किसान की हालत उस सोने के अंडे देने वाली मुरगी जैसी न हो जाये । आज जो हालत है उसमें किसान भी नाराज है और खाने वाले भी नाराज हैं । प्रेस वाले भी नाराज हैं । प्रेस वाले इन बातों के बारे में नहीं लिखते । वे तो बेजेज के बारे में ही लिखते हैं ।

मेरे पास और भी बहुत सी बातें हैं । अगर एग्रीकल्चर वाले चाहें तो मैं उनको बतला सकती हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय . और किसी वक्त सही ।

Pandit K. C. Sharma (Hapur): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to make a few remarks. There is not enough time to make a speech; I will simply point out certain basic characteristics of backward agriculture. Thus all over the world wherever there is what is called uneconomic agriculture firstly there is low capitalisation; that is, they have not got enough of investment. And where there is a rich agriculturist or a landholder he spends his income on marriages and other costly things which have little to do with the productive capacity of the farm. That is one thing. A certain attitude has to be adopted there, and that will come from education. The second thing is low agrarian technique. Here I want to point out that this plough, wooden plough has perhaps originated when the Vedas were written when half the people were living in the villages and the other half were living in the jungles Now the world has changed and our Prime Minister often talks of atomic energy and nuclear energy experiments. But this wooden plough has not changed. This curse must go. I should say it is criminal for the cultivator to use this plough. for the simple reason that it tantamounts to starving the people to death very slowly. It does not go deep enough into the soil and because of that the heat of the sun does not go into the particles. Therefore, it gives poor income.

It is said that with modern manuring and better technique the difference

[Pandit K. C. Sharma]

in yield can be 20 times. Our soil has been impoverished for 2,000 years. It is poor and is dying as an aged man without food dies. Therefore, a revolution in the enrichment of the soil, in the change of technique in the change of investment is necessary.

About investment I might make one point. There is a serious consideration about co-operatives and changing shape of things and in that connection many plans are thought out. The simple proposition is this. Uptill now agriculture has been, what is called, self-sufficing agriculture or subsistence occupation. If you have to change it into an industrial enterprise or commercial enterprise then investment is necessary. Situated as we are the cultivator cannot provide the investment. He has little to save, poor technique and poor soil. So, the State has to provide the investment. Now all commerce and industry requires investment. If agriculture is to be changed into an industrial enterprise, as it must, then investment is an essential thing. And the State alone can provide it.

All the new changes of co-operative farming, whatever you may talk of, will cost the State something like Rs. 2,100 crores for improving the land. It is impossible to think about new things, new changes, without investment.

There is a lot of confusion in thinking here. People think that because there is lot of unemployment in the country, therefore, by resorting to this co-operative farming you can put everyman on the farm. Now any land economist will say that in a progressive country the percentage of labour to work on the field to provide food for the country should not exceed 10 per cent. of the labour force. Your civilisation, your claim to culture, your claim to a developing community will depend upon this single factor—whether there are 11 per cent. labour working on the field for providing you food or 10 per cent. The more people than 10 per cent working on the field, the less civilized you are, and less force would be there in your voice anywhere in the world in any matter whatsoever. It is not a question of making big plans. The question is simple. What is your capacity to work? How is that capacity to be judged? A simple elementary principle of judging the capacity of the country is: whether there are 10 per cent of the labour force working in the fields for providing food for the country or there are more. If there is more, it means, the capacity is less and if the capacity is less, you are certainly a lesser man in the comity of nations.

Passing to another characteristic, the holdings are very small. The small and uneconomic holdings should be consolidated. They may be consolidated on co-operative farming basis or they may be consolidated under any other system. Production would increase only after investment and adoption of scientific methods. Then, Sir, I come to indebtedness. I want that a law should be passed that if there is debt on a cultivator and five years have passed, that debt should be wiped out. No more indebtedness should remain on the basis of past contract if five years have passed. Let us have a clean slate. Let the cultivator be relieved of all the old worries so that he may have fresh air to breathe and fresh opportunity to move his limbs.

The method of production, as I said, is old fashioned. I refer to the plough. You have got a number of research institutions. There are hybrid corns which are more resistant to disease and they give greater yield. I want that better seeds of the more improved varieties should be given to the peasant so that he may increase the yield. For instance, in sugarcane, you

have No 312 and 313 There is a lot of dispute and so many strikes are going on about the price of sugarcane That is a fundamental problem Somebody, either the State or the sugar mill should be made responsible for providing a better variety of seeds, for providing the manure Somebody should be there to watch how many times the sugarcane field has been properly watered In the U S A, the State is responsible for conservation of the land The State authorities see that proper precaution is taken for conservation of the land and if proper precaution and necessary steps are not taken, the cultivator is to be punished What I beg to submit is that we have to improve and radical changes are necessary

The Research institutions are, in the first place, few in number and in the second place, the fruits of their researches do not go to the tenant Now, fortunately, there are enough educated people in the villages,—education has spread and it will spread more rapidly—so that they can catch up with them I want to ask you, how many of the gentlemen in the Research institutions go to the village panchayats or even district levels and how many of the district officers working in the Agriculture Department go to the villages to explain the results of the new researches What is the use of these institutions if the results of the researches do not go to the man for whom the institutions are established? This is a point I emphasise regarding potato, sugarcane, wheat and rice Thanks to Dr P S Deshmukh, a new method has been evolved. I belong to a district where there is enough paddy grown This method of transplanting the plants has been long in use It gives good results But, the trouble is that, in our part, it is given to the labourer and he takes a half share. Giving a half share, the cultivator is not satisfied with the other half. We have experimented transplanting the saplings three or four times and the result is very beneficial.

I want to point out that in the matter of seed, this experiment should be made with every corn It is not good only in the case of potato, it is equally good in the case of wheat and any other corn In our district, we have mango trees A mango plant is transplanted in 8 or 9 places Every month he changes and the fruit is a beautiful result It is much better and it is much sweeter So, for the purpose of improving the variety of seed, such experiments should be useful

Our low agricultural production is due to mal-nutrition of the farmers. Although an average person requires 1880 calories per day, our agriculturist labour do not get more than 1320 calories It is just impossible to carry on one's work in an efficient way with such low calories So, their food habits must be changed Our Agricultural Department could take to what is called mixed farming Some method should be devised whereby more nutritious food could be provided to our peasants The fundamental trouble with our peasant is that he does not get enough food to keep him strong enough to work hard He says that God has made him and that God will give him food. We have learnt the doctrine of distribution We say that when there is some wealth, we are equal partners The fundamental core of this socialistic principle is a dynamic creative force To create, we forget, to share, we learn What is to be shared in the land of poverty, except poverty? What is to be shared in the land of ignorance and disease, except ignorance and disease? So, our effort should be to create more wealth for the nation For this purpose, we must educate our agriculturists We should inculcate the necessary creative incentive into our peasants and we should make him work harder and better for the good of the community and for the good of the country

Mr. Deputy-Speaker: Now the hon Member must conclude

Pandit K. C. Sharma: Another point I would request that new

[Pandit K. C. Sharma]

demonstration farms should be opened to demonstrate new methods. This is very necessary. Since my time is up, I do not want to say more on this point.

Dr. P. S. Deshmukh: Mr. Deputy-Speaker, Sir, I do not want to take more than half an hour. During the time at my disposal I can touch only a few of the subjects and the points raised by the hon. Members who spoke before me. The first point which I would like to take up is with respect to what Shri Asoka Mehta said, about the contract for supply of *jowar* having been given to a non-existent firm. He read out some portions from the report of the Public Accounts Committee of the State of Bombay, and it does give a wrong impression about the facts, which I would like to correct.

I know Shri Asoka Mehta is not a sensation-monger in any sense of the term, and yet what he has said may create a sensation, because all such things attract more attention of the people than any other sober and real facts.

It is not true that this firm was non-existent. Of course, first of all, I would like to point out that this matter is as old as February, 1953. When the State of Bombay was hard pressed for providing food to their people and they were badly in need of *jowar*, we came across a certain firm which was, I think, registered in U.P., which took the responsibility of providing about 10,000 tons of *jowar* to the Bombay Government at the rate of Rs. 10 per maund. We did suggest that since this agent and this firm was prepared to provide the *jowar*, the Bombay Government might deal with it, and the Bombay Government started dealing with this firm; the firm actually were not able to supply more than about 126 tons of *jowar*. So, first of all, the dimension of the deal with this non-existent firm was not as much as 10,000 tons but it dwindled down only to 126 tons. Secondly, it is not by any means non-existent, because there is already a suit filed in the court in Delhi by this non-existent firm against the Bombay Government asking for a damage of Rs. 2.71 lakhs. Actually, the trouble between the Bombay Government and this firm is about. . .

Mr. Deputy-Speaker: It is rather kicking.

Dr. P. S. Deshmukh: It is not only not non-existent, but it is trying to kick.

There is also no dispute about the 126 tons having been given; they have not claimed any price on account of that. The trouble has arisen because the Government of Bombay did give to this firm some gunny bags worth about Rs. 25,000; these gunny bags were received by the firm, and the Bombay Government wanted certain security. That security was not provided. The contention of the firm is that the price in the meantime rose up, and the Bombay Government did not give them credit in the proper time, the offer of credit on the bank and so on. That is the dispute between the Bombay Government and the firm.

So, all that I want to point out is that we were not dealing with any non-existent firm, and that the statement here is palpably incorrect, namely that the firm was non-existent. I would not like to go into the details, because the matter is already in the court. In any case, the dimensions of the money involved are not as much as they are likely to be imagined by the Members of the House on hearing Shri Asoka Mehta.

The next point he made was about soil conservation. It is true that we did not realise the importance of soil conservation very early. It was only in 1953 that we constituted a soil conservation board. But, since then we have been able to make fairly good progress not only in the shape of reclamation of lands or stopping soil

erosion and having contour bunding and so on, but we have taken a comprehensive view of the whole matter of soil conservation.

Undoubtedly, this is a colossal problem, a problem which affects our production and certainly causes a good deal of harm not only to land but consequently to the crops we grow, and to the farmers who are interested in growing those crops. We have fully realised the importance of this. There is no time for me to go into the details, but I would only mention that these are the four aspects which the board is dealing with, namely reclamation of land, afforestation, and preservation of land by scientific management, land practices on farm lands and engineering measures like contour bunding and so on. An amount of Rs 3·25 crores was allotted for soil conservation in the last two years of the First Plan, and we spent Rs 1·6 crores There were, of course, difficulties in the way of our proceeding fast in the beginning because there was lack of proper organisation for soil conservation in the States. There was paucity of trained personnel, and there was also lack of legislative measures in order to compulsorily carry out some of these measures, but all these are getting progressively countered, and now there are seven States which have already got soil conservation boards. We have also allotted certain large sums for a survey, because even soil survey was missing. When we started with this Board, there was not a complete survey of our lands. Even that had to be undertaken on a large scale, and we are intending to complete a survey of about 4 million acres of land. This will show to my hon. friend that we are not sleeping over this front, that we are trying to tackle it, and the tempo of whatever work we are doing is likely to be faster in the years to come

I may particularly mention the excellent work that is being done by the Bombay Government, especially in the Sholapur District which is a famine-stricken district more or less, where contour-bunding is being done by the farmers on the advice of the Agricultural Department, and the tempo of their work is very high. I think they deserve a word of praise for the way in which they are tackling this problem

My hon friend Shri Nagi Reddy referred to the tobacco trade and complained against grading. I for one can never understand anybody's complaint against grading Lack of grading will mean that you sell the best varities at almost the price of the middle quality if not the lowest quality of that particular goods. So, this is a thing which really speaking, not only benefits the growers; it also benefits the trade I am sorry to see that a good many of the merchants are perpetually complaining against grading methods and so on

Shri Panigrahi (Puri). How many grades are there in tobacco?

Dr. P. S Deshmukh: His main complaint was that as against three grades in U S A we have as many as 13 grades I am sure our experts are not ignorant of what exists in the U S A, and if they have as many as 13 grades, there must be some purpose behind it, and that purpose is quite simple In our country the varieties of tobacco which is grown and the various standards of purity and so on are so varied that we feel that the best way to give to the growers the best possible price is to have a larger number of grades than to restrict it to three, because if you combine all sorts of grades into one, you are likely to get the price not of the best but of the lowest thus causing some loss, in fact considerable loss, to the grower. I am sure on proper study my hon. friend Shri Nagi Reddy would not find fault with our having 13 grades and 13 qualities as against three in U.S.A. I do not know how far his information is correct, but I am taking what he said as correct

[Dr. P. S. Deshmukh]

Before I come to cows and milk, I will deal with the speech of my friend Shri Chavan. He gave a lot of figures, referred to the large sterling balance we had in the U.K. and so on. He complained that as against the rate of interest charged by the Reserve Bank, the co-operatives were charging a high rate. Although I am no longer in charge of co-operatives, I would like to tell him that this is rather a difficult problem, because the various agencies which actually provide the credit to the farmer also have to subsist and live Although it is our policy to reduce the interest rate to the lowest possible minimum, and we have placed 6½ per cent as the target, in most places this has been achieved also, difficulties arise as a result of the co-operative societies which have to maintain their offices. Then we have the central banks and then the apex bank and so on. So I can assure him that we are all interested in providing to the farmers credit at the lowest possible rates. We are all determined to see that he will not have to pay anything more than he can afford to

Dr. Ram Subhag Singh referred to tractors and said that if there was a 40 HP tractor, then 40 pairs of bul locks would be rendered useless I think the mathematics is somewhat exaggerated I do not think that a 40 HP tractor can do the work of 40 pairs of bullocks. I for one would like to say that Indian tillage is not as efficient as it should be. Although we do not want to go to the extent the Chinese have done, there is need for tilling our lands more and better In many places, this cannot be done merely with the aid of bullocks. But I am not one who is in favour of wholesale mechanisation. We are also agreeable, since holdings are likely to be small hereafter, to have smaller tractors. We are trying to manufacture them in our own country

The problem of waterlogging has also been referred to. The hon. lady Member (Shrimati Laxmi Bai) referred to several thousands of acres of land lying fallow. It is really a heart-rending spectacle; there is no doubt about it. The problem of the usar land which we meet with in Punjab, round about Delhi and in U.P. is a tremendous one But it will have to be tackled also on a big scale. I am sure we will do it. We have not neglected the problem altogether. A large number of tube-wells were dug in the Punjab merely for the purpose of preventing waterlogging. Similar schemes will have to be undertaken hereafter also. So it cannot be said that we have neglected this problem completely Additional resources will certainly have to be made available for tackling this There is no doubt that if these lands could be resurrected and brought back to cultivation, our food production will increase and to that extent the situation will be easier

Some hon Members referred to mixed farming They laid considerable emphasis on it I do not know what they mean, because we have ourselves been preaching mixed farming In India there is probably not as much of animal husbandry as they have in foreign countries But we have always asked the people to take to mixed farming We have laid emphasis on it So long as the bullock and the cow are with the cultivator, it is nothing but mixed farming

Shri Yadav made more a propagandist speech than advanced any reasoned arguments. He wanted to condemn the Government on every score and referred to happenings of 1948 and so on. In spite of contradictions, in spite of more or less effective proof to the effect that there have been no starvation deaths, he tried to refer to certain things which really did not exist. I am sure he wanted merely to catch the eye of the people against the Government rather than to make any particular points which require to be dealt with.

Pandit Munishwar Dutt Upadhyay made two suggestions. One was about

double cropping and the other about co-operative farming. We are trying to encourage double cropping, wherever possible. If figures are studied, it will be found that double cropping is on the increase in India.

The idea of co-operative farming is not a new one. As will be found from my speech of last year, we had already indicated that Government were intending to establish co-operative farms—at least 600—in the country during the last year. Considerable progress has been made in that direction. So there is no disagreement so far as co-operative farming is concerned. I do not see any reason why people should be so much against it so long as it is clear that it is voluntary and it is meant to benefit the people. There will also be considerable assistance that would be made available.

I would now come to the speeches of the two 'Dases'—Seth Govinda Das and Pandit Thakur Das. It just occurred to me a few hours back that probably they feel they are morally responsible for the cow because of the names they carry. Thakurji means Gopalji and Gopalji means Krishnaji which comes to the same as Govindji I think probably even their names have a certain amount of effect on them because there could be no speech on the Food and Agriculture Ministry without either of these two Members referring to the cow and the milk and so on. It is all good and I do not condemn them. I should not be misunderstood that I want to condemn their references. It is very good. .

Mr. Deputy-Speaker: Is it that the name had been given after it had been found out that they had certain inclinations or is it because they have those names that they are always one in this point.... (*Interruptions.*)

Shri D. C. Sharma: Does the hon. Minister agree that one seer of milk is equal to nine eggs—that is the equation that Pandit Thakur Das Bhargava gave.

Dr. P. S. Deshmukh: I have not had time to ascertain the equivalent value. I will investigate into it a little later. I am afraid I cannot answer his question just now. Now, both of my friends have lamented that milk yield has gone down not only per cow but also so far as the total is concerned. He has referred to certain replies given by us. In actual fact, when there was some careful investigation into this question, we have found that although there has not been any spectacular rise it is not correct to say that the total milk yield is much less in the hon. Member's region. The Northern region, etc where we have carried out very detailed survey and census through the ICAR; it has not substantially diminished. In fact it has shown improvement but one fact which I have referred to more than once is that it is very difficult to maintain or increase the average because the survival of cows and especially of bad cows is increasing so fast because of the preventive measures that we have undertaken that it is not at all easy to keep pace with the growing demand for milk or to make any substantial progress. My friends have also regretted the fact that we are not making arrangements for a larger amount of fodder and so on. So far as the increase of fodder supply is concerned, we have taken a large number of steps, right from research and try to get new varieties of grasses that will grow under our conditions and also to spread the habit of growing certain green fodder and so on. My friends unfortunately are not prepared to face these two problems, namely, the increase in the number of the cattle in the country, especially the survival of the dilapidated and old cattle which are at least not yielding the same quantity of milk—they could not even yield very much of cowdung—as the others; in fact their yield of milk is bound to be nothing. This is one fact which our friends forget. Secondly, it is impossible to maintain the health of the cows even as it was ten years ago if the fodder supply is diminished as it is bound to. It cannot be increased, as we know and as

[Dr. P. S. Deshmukh]

the statistics will also show, when the acreage under agriculture has considerably increased by quite a few million acres. To that extent the cows must have been deprived of the fodder produced in that area. The very fact that we have more cultivated land will show that the fodder must have gone down On the other hand, the number of cattle has increased so much that the average availability of the fodder must have been diminished and that must have affected not only the health but also the yield of cows' milk

18 hrs.

So, Sir, we will have to face this problem some time or the other. On the other hand, we are attending to the question of fodder supply. We have got the key village centres We have also the gosadans where we want to care for the cows and so on

Now, both of these hon. friends are fully associated with the Government's policy so far as everything in this respect is concerned. Both of them are members of our Gosamvardhan Council, and they are almost day to day in the know of the facts and the things that we are doing.

Mr. Deputy-Speaker: Is the hon Minister likely to take some more time?

Dr. P. S. Deshmukh: I will take a few minutes more

Mr. Deputy-Speaker: He may continue tomorrow

18.01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, April 8, 1959/Chaitra 18, 1881 (Saka).